रोहतक
सोमवार, 8 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 28, अंक : 162
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 32.3
न्यून. 23.6



पुरी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीनों रथों की परिक्रमा की और देवताओं के सामने माथा टेका। राष्ट्रपति ने भगवान जगन्नाथ का रथ भी खींचा।

## खबर संक्षेप



### भारत ने 100 रन से जीता दूसरा टी-20

हरारे। भारत ने जिम्बाब्वे को दूसरे टी-20 में 100 रन से हरा दिया। अभिषेक शर्मा के शतक और ऋतुराज गायकवाड के 77 रन के सहारे भारत ने 234 रन का स्कोर खड़ा किया। यह जिम्बाब्वे के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले, 2018 में ऑस्ट्रेलिया ने 229 रन का स्कोर बनाया था। जवाब में जिम्बाब्वे 134 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। अभिषेक ने 47 बॉल पर शतक लगाया। जिम्बाब्वे के खिलाफ किसी भारतीय बल्लेबाज का पहला शतक है। उन्होंने 7 चौके और 8 छक्के मारे। भारत ने 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। तीसरा टी-20 हरारे में 10 जुलाई को होगा। *(खेल पेज भी देखें)*

**अभिषेक शर्मा ने जड़ा शतक**

### महुआ मोइत्रा के खिलाफ दिल्ली में मुकदमा दर्ज



नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज किया है। महुआ पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इस पर रेखा शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी। भाषा

### सीटीईटी परीक्षा देते 12 फर्जी परीक्षार्थी पकड़े

दरभंगा। बिहार पुलिस ने दरभंगा में विभिन्न केंद्रों पर केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते दो महिलाओं समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट स्कैन में इनकी पोल खुली। भाषा

*सबसे पहले पहांडी अनुष्ठान करवाया उसके बाद रथ यात्रा शुरू*

# रथों पर सवार हुए भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा, ओडिशा व अहमदाबाद में रथयात्रा शुरू

भाषा ▶▶ पुरी/अहमदाबाद

पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर से रविवार दोपहर हजारों लोगों ने विशाल रथों को खींचकर लगभग 2.5 किलोमीटर दूर गुंडिचा मंदिर की ओर प्रस्थान किया। वहीं अहमदाबाद में भी रथ यात्रा शुरू हुई। यहां केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भगवान जगन्नाथ की पूजा की। वहीं, पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने अपने शिष्यों के साथ भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों के दर्शन किए तथा पुरी के राजा ने 'छेरा पहनारा' (रथ सफाई) अनुष्ठान पूरा किया, जिसके बाद शाम करीब 5.20 बजे रथ खींचने का कार्य शुरू हुआ। रथों में लकड़ी के घोड़े लगाए गए थे और सेवक पायलट श्रद्धालुओं को रथों को सही दिशा में खींचने के लिए मार्गदर्शन कर रहे थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीनों रथों की परिक्रमा की और देवताओं के सामने माथा टेका। राष्ट्रपति, ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मुख्य जगन्नाथ रथ को जोड़ने वाली रस्सियों को खींचकर प्रतीकात्मक रूप से इस कवायद की शुरुआत की।



### भगवान बलभद्र का 45 फुट ऊंचा रथ

भगवान बलभद्र के लगभग 45 फुट ऊंचे लकड़ी के रथ को हजारों लोगों ने खींचा। इसके बाद देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के रथ खींचे जाएंगे। पीतल के झांझ और हाथ के ढोल की ताल बजाते हुए पुजारी छत्रधारी रथों पर सवार देवताओं को घेरे हुए थे जब रथयात्रा मंदिर शहर की मुख्य सड़क से धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी।

### जयकारों से गूंजा पूरा वातावरण

पूरा वातावरण 'जय जगन्नाथ' और 'हरिबोल' के जयकारों से गूंज रहा था और श्रद्धालु इस पावन मौके पर भगवान की एक झलक पाने का प्रयास कर रहे थे। रथयात्रा शुरू होने से पहले विभिन्न कलाकारों के समूहों ने रथों के सामने 'कीर्तन' और ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किए। अनुमान है कि वार्षिक रथ उत्सव के लिए इस शहर में लगभग दस लाख भक्त एकत्रित हुए हैं। अधिकांश श्रद्धालु ओडिशा और पड़ोसी राज्यों से थे, कई विदेशी भी इस रथयात्रा में शामिल हुए, जिसे विश्व स्तर पर सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक माना जाता है।



# कुलगाम में दो दिन में छह आतंकी मार गिराए, राजौरी में आर्मी कैंप पर हमला

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में रविवार को लगातार दूसरे दिन मुठभेड़ जारी रही। मुदरघम और चिन्निगम फ्रिसल में सुरक्षाबलों ने अब तक 6 आतंकियों को मार गिराया। वहीं, दो जवान शहीद हुए हैं। मुदरघम में एक-दो आतंकियों और चिन्निगम फ्रिसल में एक और आतंकी के छिपे होने की संभावना है। सेना और पुलिस का तलाशी अभियान जारी है। मुदरघम में रविवार सुबह दो आतंकी मारे गए हैं। यहां शनिवार को एक आतंकी मारा गया था। एक जवान शहीद हो गया था। कुलगाम के चिन्निगम फ्रिसल में दो आतंकी मारे गए। एक जवान शहीद हुआ था। सुरक्षाबलों द्वारा दो और आतंकवादियों के शव बरामद किए जाने पर, कुलगाम में रविवार को हुई दो मुठभेड़ में मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। इस बीच राजौरी के मंजाकोट इलाके में आतंकियों ने रविवार सुबह आर्मी कैंप पर हमला कर दिया। इसमें एक जवान घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकी घने जंगल के रास्ते भाग गए। सेना और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

**दो जवान भी शहीद**

**हमला कर आतंकी जंगल की ओर भागे, जवान घायल**

**सेना और पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया**

## भारी बारिश और भूस्खलन ने बिगाड़े हालात, लोगों में दहशत

# उत्तराखंड में भूस्खलन, चारधाम यात्रा रोकी, असम में 78, यूपी में 15 मौतें

एजेंसी ▶▶ चमोली/लखनऊ

पहाड़ी राज्यों में भारी बारिश के कारण हालात बेकाबू हो रहे हैं। उत्तराखंड के गढ़वाल डिवीजन में भारी बारिश के चलते रविवार को चार धाम यात्रा रोक दी गई है। बताया जा रहा है बद्रीनाथ-विष्णु प्रयाग नेशनल हाईवे के पास लैंडस्लाइड के कारण सड़क बंद हो गई। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। वहीं, एक दिन पहले अमरनाथ यात्रा भी रोकी गई थी। दूसरी तरफ, असम के 29 जिलों में बारिश और बाढ़ की वजह से 23 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। अब तक 78 लोगों की मौत हुई है। 27 जिलों में 577 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। इसमें 5 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में 15 लाख से ज्यादा जानवर प्रभावित हुए हैं। 6 गैंडों समेत 114 जानवरों की मौत हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 15 लोगों की मौत हो गई है।

### महाराष्ट्र भी बेहाल

मुंबई से सटे ठाणे जिले में जोरदार बारिश के कारण वाशिंद स्थित सृष्टि फार्म हाउस के आसपास पानी भर गया। करीब 150 लोग फंसे हैं। उनका रेस्क्यू जारी है। उधर, महाराष्ट्र में कल्याण-कसारा रूट पर सुबह 6.30 बजे पटरियों पर मलबा जमा हो गया। एक पेड़ गिरने से ट्रैक बाधित हो गया।





### आगे कैसा रहेगा हाल

- सोमवार को तेलंगाना के अलग-अलग स्थानों पर आंधी, बिजली चमकने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है।
- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, केरल, तटीय आंध्र प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने का अनुमान है।



खतरे के निशान से ऊपर अलकनंदा

*पश्चिम बंगाल में भी बाढ़ जैसे हालात, 300 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया अलर्ट जारी*

### हरियाणा में 12 तक परिवर्तनशील रहेगा मौसम



हरियाणा में मौसम 12 जुलाई तक परिवर्तनशील रहने की संभावना है। दक्षिण पश्चिम मानसून की सक्रियता 8 जुलाई तक बने रहने की संभावना है, जिससे राज्य में कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। 9 जुलाई से 11 जुलाई के दौरान मानसूनी हवाओं की सक्रियता में कमी आएगी। इस दौरान राज्य के पश्चिमी व दक्षिणी जिलों में बीच बीच में आंशिक बादल तथा कुछ एक स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है। परंतु राज्य के उत्तरी जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद 12 जुलाई से मानसून की सक्रियता राज्य में एक बार फिर से बढ़ने की संभावना बन रही है। -*डॉ मदन खीचड़, विभागाध्यक्ष, कृषि मौसम विज्ञान विभाग, हकृवि, हिसार*

# मुंबई में हिट एंड रन : शिवसेना नेता के बेटे ने बीएमडब्ल्यू से दंपति को मार दी टक्कर

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे में चर्चित पोर्श एक्सीडेंट केस के बाद अब मुंबई में हिट एंड रन की घटना सामने आई है। मुंबई के वर्ली में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी। आरोपित ने मौके से भागने के दौरान 45 साल की महिला को कार से 100 मीटर तक घसीटा, जिससे उनकी मौत हो गई। पति घायल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के नेता राजेश शाह का 24 साल का बेटा मिहिर शाह चला रहा था। उसके साथ ड्राइवर भी था। घटना के बाद से मिहिर फरार है। पुलिस ने राजेश शाह और ड्राइवर को हिरासत में लिया है। कार भी जब्त कर ली है।

### महिला की मौत, पति घायल, महिला को सौ मीटर तक घसीटा



### कानून सबके लिए बराबर : शिंदे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुंबई में हिट एंड रन केस दुर्भाग्यपूर्ण है। जो भी दोषी है उसक खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। 'कानून सभी के लिए बराबर है। किसी को नहीं बख्शा जाएगा। चाहे आरोपित कोई भी हो। पुलिस किसी को नहीं बचाएगी। म



मृतक महिला

### शिवसेना नेता का बेटा शराब पीकर लौट रहा था

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मिहिर शाह घटना के वक्त नशे में था। उसने शनिवार की रात जुहू के एक बार में शराब पी। घर जाते समय उसने ड्राइवर से लॉन्ग ड्राइव पर चलने को कहा। वर्ली में मिहिर ने गाड़ी ड्राइव करने की जिद की और कार चलाने लगा। थोड़ी दूर आगे बढ़ने के बाद उसने दंपती को टक्कर मार दी। घटना के बाद से उसने अपना फोन बंद कर लिया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# नीट-यूजी मामले में सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई

नई दिल्ली (भाषा)। सुप्रीम कोर्ट विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' 2024 से संबंधित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। इन याचिकाओं में नीट-यूजी की 5 मई को हुई परीक्षा में गड़बड़ी और कदाचार का आरोप लगाने वाली और इसे फिर से आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई आठ जुलाई की वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ परीक्षा से संबंधित कुल 38 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। केंद्र और एनटीए ने शुक्रवार को कहा था कि परीक्षा रद से प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

**गड़बड़ी और कदाचार के आरोपों को लेकर 38 याचिका दायर सुप्रीम कोर्ट सभी याचिकाओं पर एक साथ करेगा सुनवाई**





**तैयारी** क्रेमलिन ने कहा, मोदी की मास्को की 'बेहद अहम यात्रा' को लेकर हम उत्सुक

*पुतिन के निमंत्रण पर मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे*

# पीएम आज से रूस की यात्रा पर, कई मुद्दों पर चर्चा होगी

मॉस्को/नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को की बेहद अहम यात्रा को लेकर उत्सुक है और वह इस यात्रा को रूस तथा भारत के संबंधों के लिए अति महत्वपूर्ण मानता है। रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने यह बात कही। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और वह आठ एवं नौ जुलाई को मॉस्को में रहेंगे। दोनों नेता इस दौरान बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा करेंगे और आपसी हितों के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

### आठ एवं नौ जुलाई को मॉस्को में रहेंगे, यह हो सकता है एजेंडा

- दौरे का मकसद, मॉस्को और बीजिंग के बीच बढ़ती क़रीबी के बीच रूस के साथ दिल्ली के रिश्ते की अहमियत को दिखाना और पश्चिम के साथ संबंधों को संतुलित करने की कोशिश करना है।
- यात्रा को लेकर रूसी अख़बारों ने कहा कि यह दौरा दिखाता है कि भारत ने मॉस्को को अलग थलग करने की पश्चिमी कोशिशों को नकार दिया है।
- क्रेमलिन प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने इस दौरे को बहुत अहम बताया है और कहा कि दोनों नेता क्षेत्रीय, वैश्विक सुरक्षा, द्विपक्षीय संबंध और व्यापार पर चर्चा करेंगे।



- मीडिया में भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से कहा गया कि बातचीत में डिफ़ेंस, तेल और गैस प्रमुख एजेंडा होंगे।
- दशकों तक, भारत रक्षा उपकरणों के लिए रूस पर अधिक निर्भर रहा है। वो नहीं चाहेगा कि रूस चीन की ओर अधिक झुके।
- यूक्रेन युद्ध, व्यापार, रूस पर प्रतिबंधों के चलते भुगतान के मुद्दे को हल करने, रक्षा हार्डवेयर की आपूर्ति, प्रस्तावित चेन्नई-व्लादिवोस्तोक मैरिटाइम कॉरिडोर में निवेश और प्रमुख मिलिटरी लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट पर बातचीत होने की उम्मीद है।
- यूक्रेन युद्ध में रूस की ओर से लड़ रहे भारतीयों का मुद्दा भी वार्ता में शामिल होने की उम्मीद।

### 41 वर्ष बाद कोई भारतीय पीएम ऑस्ट्रिया यात्रा पर

पीएम मोदी दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में 9 जुलाई को मॉस्को से ऑस्ट्रिया पहुंचेंगे। यह 41 वर्षों में किसी भारतीय पीएम की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी। वियना प्रवास के दौरान पीएम मोदी ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन से मुलाकात करेंगे और चांसलर नेहमर के साथ बातचीत करेंगे। दोनों नेता बिजनेस लीडर्स को भी संबोधित करेंगे। भारत और ऑस्ट्रिया के बीच राजनयिक संबंध के 75 साल पूरे हो रहे हैं। मोदी के दौरे से पहले पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने 1971 में ऑस्ट्रिया का दौरा किया था। इंदिरा अपने कार्यकाल में दूसरी बार 1983 में ऑस्ट्रिया गईं थी। उनसे पहले प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भी 1955 में ऑस्ट्रिया का दौरा किया था। ऐसे में ऑस्ट्रिया का दौरा करने वाले नरेंद्र मोदी तीसरे प्रधानमंत्री होंगे।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा और कांग्रेस में मिलीभगत : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने खुद के बेटे दीपेंद्र को लोकसभा का चुनाव जितवाने के लिए राज्यसभा की सीट भाजपा को गिफ्ट दे दी थी। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस की सांठगांठ जगजाहिर हो गई है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि विपक्ष का सबसे बड़ा दल कांग्रेस आज राज्यसभा चुनाव का मैदान छोड़कर भाग रहा है, जो कि भूपेंद्र हुड्डा द्वारा रोहतक लोकसभा के बदले भाजपा को राज्यसभा की सीट देने की डील को उजागर करता है। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला रविवार को भिवानी और रोहतक में पत्रकारों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि राज्यसभा चुनाव में कोई सामाजिक उम्मीदवार चुनाव लड़े ताकि विपक्ष की एकजुटता से हम अल्पमत में आई भाजपा सरकार को करारा जवाब दे सके।

## कांग्रेस ने किसानों की भूमि लूटने का काम किया

गुरुग्राम। गुरुग्राम की चारों विधानसभाओं में कमल खिलाने के लिए रविवार को विस्तृत जिला कार्यकारिणी की बैठक में महामंथन हुआ। जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आने वाले दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव और प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। गुर्जर ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ना तो किसानों की जमीन को छोड़ा और ना ही फसल की कीमत दी। कांग्रेस ने किसानों की जमीनों को लूटने का काम किया है।

## शिकायतों पर तुरंत सुनवाई करें अधिकारी

**हिसार।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल की अध्यक्षता में रविवार को जिला हिसार में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की मासिक बैठक का आयोजित की गई। बैठक में 17 मामलों की सुनवाई कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों पर तुरंत सुनवाई करें।

## आंदोलन की राह पर आरोही स्कूल एसो.

**चंडीगढ़।** आरोही माडल स्कूल एसोसिएशन की ओऱ से सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी नियमितीकरण की मांगें पूरी नहीं हुई, तो वे 20 जुलाई से आमरण अनशन पर जाने की तैयारी में हैं। 2013 में सरकार ने 36 पिछड़े खंडों में हरियाणा बैकवर्ड ब्लॉक एजुकेशनल सोसायटी के अंतर्गत स्कूल खोले थे। ये सोसायटी पहले केंद्र सरकार से वित्त पोषित थी, जिसे बाद में प्रदेश सरकार ने अपने अधीन ले लिया।

### अंत्योदय दर्शन पर चलकर सरकार ने प्रदेश की तस्वीर बदलने का काम किया

# भाजपा सरकार के 10 साल कांग्रेस के 48 वर्षों पर भारी

**मुख्यमंत्री ने पानीपत में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले लगभग 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने एक ऐसी व्यवस्था कायम की है, जिसमें हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया गया है और प्रदेश के विकास को नये आयाम दिये हैं। वर्तमान सरकार के लगभग 10 साल का कार्यकाल पिछली सरकारों के 48 वर्षों पर भारी पड़ा है। जितने विकास के कार्य इस सरकार के कार्यकाल में हुए हैं, उतने पहले कभी नहीं हुए। मुख्यमंत्री सैन, रविवार को जिला पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लगभग 227 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 32 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

### विकास दर आठ प्रतिशत

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर किसी भी देश व प्रदेश के भौतिक विकास का पैमाना माना जाता है। यहीं नहीं मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर वहां रहने वाले लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की पहली शर्त भी है।

यह उद्योग और निवेश को आकर्षित कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देता है। हरियाणा प्रदेश अपने मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर के बलबूते ही अपनी आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत वार्षिक बनाए हुए है, जबकि देश की औसत आर्थिक विकास दर 6.7 प्रतिशत है।



पानीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### एक लाख घरों में सोलर पैनल लगाएंगे

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अयोध्या में सूर्यवंशी श्री रामलला के पावन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया था कि भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित करेंगे। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की। हमने इस योजना को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार की ओर से अतिरिक्त अनुदान देकर गरीबों के 1 लाख घरों की छतों पर मुफ्त में सोलर सिस्टम लगवाने का निर्णय किया है। इस योजना में 60 हजार रुपये की राशि केंद्र सरकार की ओर से तथा 50 हजार रुपये की राशि हरियाणा सरकार की ओर से दी जाएगी। इसके अलावा, हरियाणा सरकार ने घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को राहत देते हुए बिजली का मासिक न्यूनतम चार्ज समाप्त कर दिया है। अब बिजली की जितनी यूनिट की खपत होगी, उतना ही बिल लिया जाएगा। इससे प्रदेश के 9 लाख 50 हजार गरीब परिवारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ग्राम विकास में तेजी लाने के लिए पंचायतों को कई नई शक्तियां दी हैं। अब सरपंच बिना टेंडर के 21 लाख रुपये तक की लागत के विकास कार्य करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नई सोच, नये विजन और कठोर परिश्रम से हरियाणा के विकास को एक नई दिशा और गति दे रही है ताकि समाज का हर वर्ग खुशहाल हो और हरियाणा विकास की नई बुलंदियों को छुए।

### कांग्रेस ने जनता का शोषण किया

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जब हमने वर्ष 2014 में प्रदेश की जनसेवा का दायित्व ग्रहण किया था तो हमारे सामने कई चुनौतियां थीं। हमें विरासत में जर्जर अर्थव्यवस्था मिली, सहकारी ढांचा तहस-नहस था, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम घाटे में चल रहे थे। विकास और नौकरियों में क्षेत्रवाद और भाई-भतीजावाद का बोलबाला था। पूर्व की सरकरों में विकास और जनकल्याण की योजनाओं में बड़ा भेदभाव होता था। एक ही क्षेत्र का विकास होता था, बाकि प्रदेश की अनदेखी की जाती थी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास-सबका विश्वास और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए प्रदेश में विकास की गति को बढ़ाकर प्रदेश की तस्वीर बदलने का काम किया है। इसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने हरियाणा के प्रत्येक व्यक्ति को अपना माना है और हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीब लोगों को प्लॉट देने का वायदा किया था। उन्होंने प्लॉट तो दिखाए, लेकिन न तो कोई कागज दिए और न ही प्लॉटों का कब्जा दिया। पात्र लोग दर-दर भटक रहे थे। हमारी सरकार ने उनकी पीड़ा को समझा और ऐसे सभी पात्र लोगों को 100-100 गज के प्लॉट का कब्जा दिया। इसके अलावा, जहां जमीन उपलब्ध नहीं थी, वहां प्लॉट खरीदने के लिए पात्र लोगों के खातों में 1-1 लाख रुपये की राशि डालने का प्रावधान किया गया।

# पानी की निकासी के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करें



गुरुग्राम। लोगों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद।

■ मुख्य सचिव प्रसाद ने गुरुग्राम के प्रबुद्ध लोगों के साथ की बैठक

**गुरुग्राम/चंडीगढ़।** प्रदेश के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश सरकार गुरुग्राम शहर में नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता व जल निकासी को लेकर प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में शहर में डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करने के लिए स्वच्छता वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी। मुख्य सचिव रविवार को गुरुग्राम में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक कर रहे थे। प्रसाद ने बैठक में तीन सदस्यीय कमेटी के गठन करने का निर्देश देते हुए कहा कि यह कमेटी डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करने के लिए स्वच्छता वाहनों के लिए मानक तय करेगी, जिसके उपरांत नगर निगम, गुरुग्राम द्वारा एक सार्वजनिक विज्ञापन जारी किया जाएगा। इसके तहत कोई भी एजेंसी, आरडब्ल्यूए, संस्था या व्यक्तिगत तौर पर कोई व्यक्ति घर-घर से कचरा एकत्रित करने के लिए निर्धारित क्षमता का वाहन चालक सहित नगर निगम को मुहैया कराएगा तो उसे कमेटी द्वारा निर्धारित दर के अनुसार मासिक आधार पर भुगतान किया जाएगा। इस वाहन में जीपीएस लगा होना अनिवार्य होगा ताकि उस वाहन की लोकेशन पता चलती रहे। उसका लिंक पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराया जाएगा ताकि नागरिकों को भी उसके बारे में जानकारी हो। इस कार्य में प्रयुक्त होने वाले वाहन के लिए न्यूनतम तीन वर्षों तक कार्य करने की अवधि निर्धारित की जाएगी। गुरुग्राम शहर में डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने वाले वाहनों की संख्या एक हजार तक होनी चाहिए। मुख्य सचिव ने गुरुग्राम शहर में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या पर भी संज्ञान लिया।

# भाजपा कांग्रेस के बाद इनेलो भी सोशल इंजीनियरिंग की राह पर

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों के बाद अब सत्ताधारी पार्टी भाजपा और कांग्रेसी दिग्गजों ने आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए अभी से कमर कस ली है। खास बात यह है कि लोकसभा चुनावों में दोनों राष्ट्रीय दलों के बीच सीधा मुकाबला हुआ है, क्षेत्रीय दलों के हाथ खाली के खाली रह गए हैं। उसके बाद भी सभी की नजरें राज्य के जाट, दलित और ओबीसी वोटरों पर लगी हुई हैं। इनेलो विधायक औऱ वरिष्ठ नेता अभय चौटाला तो दलित जाट का समीकरण बैठाने के लिए एक दिन पहले ही बसपा सुप्रीमो मायावती से मिल चुके हैं। सत्ताधारी दल भाजपा हाईकमान ने जहां लोकसभा चुनावों से ठीक पहले ओबीसी कार्ड खेलते हुए पार्टी का अध्यक्ष नायब सैनी को बनाया, वहीं कुछ समय बाद ही उन्हें सीएम पद की कमान सौंपते हुए पूर्व सीएम मनोहर लाल को लोकसभा के मैदान में उतारा ही नहीं बल्कि जीतने के साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें केंद्र में वजीर भी बना दिया है। इसके अलावा भी पार्टी में कई तरह के बदलाव किए गए।

### बसपा-इनेलो गठबंधन का ऐलान संभव

नए समीकरण और सोशल इंजीनियरिंग में जुटे इनेलो नेता अभय चौटाला ने एक बार फिर से बसपा की तरफ हाथ बढ़ा दिया है। हालांकि चुनावी सीजन में सक्रिय होने वाले बसपा नेताओं के हाथ हरियाणा की माटी पर कुछ खास नहीं लगा है। भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी का गठबंधन टूटने के बाद से आने वाले समय में होने वाले चुनावों ध्यान में रखते हुए नए समीकरणों और सोशल इंजीनियरिंग में कई नेता जुटे हैं। इनेलो के एकमात्र विधायक अभय चौटाला प्रदेश के अंदर दलित और जाट वोटो के जरिए सियासत की वैतरणी पार करना चाहते हैं। हालांकि चुनावी सीजन में सक्रिय होने वाले बहुजन समाज पार्टी नेताओं के पास सामान्य दिनों में सक्रिय होने का वक्त नहीं है। साथ ही सूबे में उनका संगठन भी इतना ज्यादा मजबूत नहीं है।वैसे, बसपा इनेलो पहले भी कर चुके हैं। गठबंधन 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले बसपा ने तोड़ लिया था। उसके बाद में लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था।

**ये समीकरण बनाने की तैयारी :** इनेलो के विधायक अभय चौटाला और उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की नजर जाट और दलित वोटो को एक मंच पर लाने की है, क्योंकि यह लगभग 45 फीसदी बनता है। हरियाणा में जाट समुदाय की आबादी 22 से लेकर 25 फ़ीसदी है। दलित समुदाय की आबादी 20 फ़ीसदी के आसपास है, ऐसे में इनेलो नेता और विधायक अभय चौटाला और उनकी पार्टी के थिंक टैंक बहुजन समाज पार्टी को मंच पर लाने के लिए रणनीति बनाकर मैदान में उतरे हैं। लेकिन हरियाणा में बहुजन समाज पार्टी का संगठन और पार्टी का प्रदर्शन कोई ज्यादा अच्छा भी अतीत में नहीं रहा है।

**कांग्रेस का प्रयोग सफल :** कांग्रेस में दिग्गज नेता और नेता विपक्ष पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हाथ में कमान है। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष भी दलित समुदाय से उदयभान को बनवाया हुआ है। कांग्रेस के पास एक अन्य दलित दिग्गज चेहरा नेत्री कुमारी सैलजा भी सिरसा से भारी मतों के साथ संसद में पहुंची हैं। कुल मिलाकर इस समय कांग्रेस और भाजपा की आमने-सामने लोकसभा चुनाव के दौरान टक्कर हुई है ऐसे में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर जातीय समीकरण बैठाने में जुटी है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से तो सैनी समाज से मुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश के अंदर ओबीसी कार्ड खेल दिया है।

## प्रदेश पर मंडरा रहा बाढ़ का खतरा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रदेश में तटबंधों के मजबूत नहीं करने से मंडरा रहे बाढ़ के खतरे को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आगामी



मानसून के सीजन को देखते हुए नदियों के तटबंधों को मजबूत करने के लिए बीजेपी सरकार ने कोई काम नहीं करवाया। पिछले साल की बाढ़ से लाखों लोगों का जान माल का नुकसान हुआ था। बीजेपी सरकार को प्रदेश के किसानों और लोगों से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछली बार की बाढ़ से लाखों लोगों का नुकसान हुआ था। इसके बावजूद भी बीजेपी सरकार ने कोई सबक नहीं लिया। उन्होंने कहा कि पिछले बार बाढ़ से हुए नुकसान के 1 लाख 30 हजार आवेदन आए थे, लेकिन बीजेपी ने एक भी पैसे का मुआवजा जारी न कर किसानों की कमर तोड़ने का काम किया। आज स्थिति ये कि कुरुक्षेत्र और अंबाला जिले के जिन किसानों की फसल पानी में डूबी थी। वहां आजतक भी सूखी रेत की सफाई नहीं हुई है। इसके साथ पिछली बार की बाढ़ से कोई सबक लेने का काम नहीं किया गया। यमुना के किनारे सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला और यमुनानगर में पिछले एक दशक से तटबंधों को मजबूत करने का कोई काम नहीं हुआ।

## प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास कार्य : त्रिखा

**चंडीगढ़।** शिक्षा राज्य मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत विकासोन्मुखी शासन ने पूरे देश में प्रगति के मार्ग को प्रशस्त किया है। हरियाणा में भी डबल इंजन की सरकार प्रदेशभर में समान विकास



सुनिश्चित कर रही है। त्रिखा रविवार को जिला फरीदाबाद के गांव अनखीर में इंटरलॉकिंग टाइल लगने के कार्य का शुभारंभ करने उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कार्य का शुभारंभ स्थानीय निवासियों एवं महिलाओं से करवाया। उन्होंने कहा कि लगभग 18 लाख रुपये की लागत से लगने वाली इंटरलॉकिंग टाइल के कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र में लोगों को बिजली, पेयजल सप्लाई से जुड़ी लाइनों और सिवरेज व्यवस्था तथा पार्कों के सौन्दर्यकरण सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के विकास के लिये हमेशा वचनबद्ध है और इसी उद्देश्य से बिना किसी भेदभाव के देश व प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। विकास एक निरंतर प्रक्रिया है जो हमेशा जारी रहेगी। विकास कार्यों के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल का भी आभार जताया।

# मांगों को लेकर आज प्रदर्शन करेंगे चिकित्सक

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर प्रदेशभर के सभी जिलों से आए डॉक्टरों द्वारा पंचकूला स्थित स्वास्थ्य महानिदेशक कार्यालय के बाहर धरना और प्रदर्शन किया जाएगा। सोमवार की सुबह से होने वाले प्रदर्शन धरने के लिए डॉक्टर पंचकूला पहुंचने लगे हैं। हरियाणा एचसीएमएस अध्यक्ष डाक्टर राजेश ख्यालिया और महासचिव अनिल यादव अन्य ने बताया कि राज्य कोर कमेटी पहले ही डॉक्टरों की मांगे पूरी नहीं होने की सूरत में 8 जुलाई से धरने प्रदर्शन की घोषणा कर चुकी है। इसके पहले विभाग के डीजी हेल्थ, एसीएस सभी से मिलकर अवगत कराया जा चुका है।

### जिलों से पहुंचेंगे पदाधिकारी, 16 को कलम छोड़ो हड़ताल

सोमवार को डीजी हेल्थ ऑफिस (स्वास्थ्य मुख्यालय) पंचकूला सेक्टर छह में प्रदर्शन के लिए सभी जिलों से जिला संगठन के पदाधिकारी आएंगे। इसके बाद में भी सुनवाई नहीं हुई, तो 15 जुलाई को डॉक्टरों ने प्रदेश के अंदर दो घंटे के लिए कलम छोड़ हड़ताल का फैसला भी ले लिया है, फिर भी परिणाम नहीं निकला तो 25 जुलाई से अनिश्चितकाल के लिए इमरजेंसी सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। इसके बाद में एसोसिएशन पदाधिकारियों का कहना है कि इसके कारण जो भी समस्या आएगी, उसके जिम्मेदार अफसर और सरकार होगी। एसोसिएशन प्रधान डॉक्टर राजेश ख्यालिया, महासचिव अनिल यादव, मीडिया कोऑर्डिनेटर डा. अमरजीत चौहान, उप प्रधान डॉक्टर वीरेंद्र ढांडा का कहना है कि प्रदेश के सभी जिलों में संपर्क साधा गया है। सभी पंचकूला पहुंच रहे हैं, इसके पहले हम एक जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर काले बिल्ले लगाकर काम कर चुके हैं। लेकिन सुनवाई नहीं होने के कारणआंदोलन की राह पकड़ ली है।। छह माह पहले भी इन मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री के साथ में सहमति बन गई थी, लेकिन उन मांगों को लेकर कोई ठोस हल नहीं निकल सका है। इस कारण अब सभी डाक्टरों में नाराजगी व्याप्त है, एसोसिएशन और कोर कमेटी ने वादा खिलाफी करने के कारण नाराजगी बढ़ती जा रही है।

**हॉट सीट | भिवानी**

### लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली थी 28800 वोटों की लीड

# प्रदेश को दो-दो सीएम देनी वाली सीट पर उलझ रहे समीकरण, भाजपा व कांग्रेस में दावेदारों की फौज

पुरुषोत्तम तंवर ▶▶ भिवानी

■ किरण चौधरी के भाजपा में एंट्री के बाद समीकरण बदले

लोकसभा चुनावों के बाद अब सत्ताधारी व विपक्षी पार्टियों की नजरें विधानसभा चुनावों पर लग गई है। लोकसभा चुनावों में जिस हलके से जिस पार्टी को बढ़त मिली है। उस हलके में उसी पार्टी की टिकट के दावेदारों की लाइन लंबी होने लगी है। हम प्रदेश की उस सीट की बात कर रहे है,जिसने प्रदेश को दो-दो सीएम दिए, वह सीट भिवानी की है। साथ ही भाजपा के बुरे दिनों में विधानसभा में प्रतिनिधितत्व कराने वाली सीट कहे तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। साथ ही लोकसभा चुनावों में भाजपा को 28800 की बढ़त मिलने भिवानी विधानसभा से टिकट की चाहत रखने वाले दावेदारों की फौजी खड़ी हो गई है। वह बात दिगर है कि तीन बार के विधायक घनश्याम सर्राफ के लोकसभा चुनाव में लगाए गए मास्टर स्ट्रोक का तोड़ कम दावेदारों के पास है,लेकिन फिलहाल आधा दर्जन के आसपास दावेदारों की सशक्त फौज है। सशक्त दावेदार घनश्याम सर्राफ है और वे तीन बार से भिवानी के विधायक व संघ में मजबूत पकड़ टिकट की दावेदारी को ओर मजबूती दे रही है। उनके बाद भाजपा के जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ की भी मजबूत है। इनकी शीर्ष नेतृत्व का विश्वास और पार्टी में मजबूत पकड़ है। इनके अलावा श्याम सुंदर सनातनी, किरण चौधरी के साथ भाजपा में शामिल हुए नेता भी दावेदारी जताने में पीछे नहीं रहेंगे। खैर वह बात अलग है कि पार्टी संगठन किस-किस के नाम टिकटों के पैनल में भेजता है।



घनश्याम सर्राफ



मुकेश गौड़



शिव शंकर भारद्वाज



वासुदेव शर्मा

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में इंट्री करने वाली तोशाम की विधायक किरण चौधरी की वजह से भिवानी विधानसभा ही नहीं बल्कि तोशाम व चरखी दादरी में टिकटों के समीकरण बदलने वाले है। क्योंकि इन तीन जगहों पर किरण चौधरी पूर्व सीएम बंसीलाल के समर्थकों की वजह से अच्छी खासी मजबूत है। पर अब देखना ये है कि भाजपा इनको भिवानी, चरखी दादरी या तोशाम में से किस जगह से विधानसभा की जिम्मेदारी दे सकती है। यह तो भविष्य के गर्भ में है,लेकिन इन तीनों जगहों में से किसी एक पर टिकट दी गई तो दावेदारों को कड़वे घूंट पीना पड़ेगा।

**हुड्डा गुट के नेताओं के बीच रहेगी टिकटों के लिए मारामारी:** विधानसभा में पहली बार कांग्रेस के हुड्डा गुट की पैठ बनी है। हालांकि लोकसभा चुनावों में भिवानी विधानसभा से कांग्रेस का वोट प्रतिशत तो बढ़ा,लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार जीत नहीं पाया। उसके बावजूद कांग्रेस पार्टी उत्साहित है। उत्साह का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विधानसभा की चुनावी तिथि घोषित नहीं हुई,लेकिन चार दावेदारों ने तो अपनी अभियान भी शुरू कर दिए। जनता के बीच नब्ज टटोलना आरंभ कर दिया। इनमें पूर्व विधायक डॉ. शिवशंकर भारद्वाज, डॉ. वासुदेव शर्मा,अभिजीत लाल सिंह व धीरज सिंह शामिल है।

### टिकट न मिलने पर 'खेल' तय

जिन नेताओं को चुनावी खुमार चढ़ा हुआ है। वे हर परिस्थिति में चुनाव लड़ेंगे,उनको चाहे किसी राष्ट्रीय पार्टी से टिकट न मिले। फिलहाल भाजपा व कांग्रेस में टिकट के दावेदारों की भरमार है। टिकट केवल एक.एक उम्मीदवार को ही मिलनी है। बाकी दावेदारों को टिकट मिलना संभव ही नहीं है। ऐसे में जिनको टिकट नहीं मिली तो वे अपनी चुनावी जमीन की तलाश करेंगे, उनके लिए विकल्प के तौर पर आप, जजपा, इनेलो व बसपा के दरवाजे खुले रहेंगे।

### भाजपा-कांग्रेस में टक्कर

अभी तक जो समीकरण बन रहे है। उससे तो लगता है कि भिवानी विधानसभा में केवल भाजपा व कांग्रेस के उम्मीदवारों के बीच टक्कर रहेगी। हालांकि इनके अलावा अन्य दल भी अपनी अपनी स्थिति मजबूत होने के दावे कर रहे है,लेकिन फिलहाल सभी दलों की बजाए भाजपा व कांग्रेस के बीच ही सीधी टक्कर बनने के आसार है। क्योंकि भाजपा वर्ष 2009 से लगातार जीत का परचम फहरा रही है और विगत में हुए लोकसभा चुनावों में भी भिवानी विधानसभा ने सांसद धर्मबीर सिंह को अच्छी खासी लीड दी है। वहीं कांग्रेस का लोकसभा चुनावों में वोट बैंक बढ़ा है,जिससे वह उत्साहित है और पार्टी की मजबूती के लिए अभियान चलाए हुए है।

# बिखरी हुई कांग्रेस भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं : पूनिया

## भाजपा ने हरियाणा से भ्रष्टाचार के कलंक को मिटाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ भाजपा प्रदेश प्रभारी बोले, पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगे

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा है कि बिखरी हुई कांग्रेस हरियाणा में भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं है। हरियाणा का वर्षों का इतिहास एंटी कांग्रेस रहा है। वैचारिक दृष्टि से हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को बहुत अरसे से खारिज किया हुआ है और जनता आज भी उस पर कायम है। पूनिया ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी ने मुझे 22 दिन पहले हरियाणा की जिम्मेदारी दी थी, उम्मीदवारों का चयन हो चुका था। इतने कम समय में मैने अपनी क्षमता के हिसाब से पार्टी को विजयी बनाने के लिए जो करना था, वह करके दिखाया। पूनिया ने कहा जब उन्होंने लोकसभा चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी संभाली तब हरियाणा में विपक्ष द्वारा ऐसा माहौल तैयार किया गया था कि भाजपा की कोई सीट नहीं आएगी या फिर दो सीटों पर सिमट जाएगी। पूनिया ने कहा कि हरियाणा में भ्रष्टाचार की चर्चा सड़कों पर होती थी, लेकिन 2014 के बाद भाजपा सरकार ने हरियाणा से भ्रष्टाचार के कलंक को मिटाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का जनमानस विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ भाजपा के साथ रहेगा। लोकसभा के परिणामों के बाद से हमने कुछ चीजें दुरूस्त की हैं और कुछ भविष्य में करने वाले हैं। हरियाणा में कार्यकर्ताओं का एक अच्छा संगठन है, हरियाणा के नेता एकजुट हैं, उसी कारण विधानसभा चुनाव में भाजपा अच्छा प्रदर्शन करते हुए बहुमत की सरकार बनाएगी।पूनिया ने कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव का मिजाज लोकसभा चुनाव से अलग होता है।

### लोगों को मिल रहा केंद्र की योजनाओं का लाभ



उन्होंने ने कहा कि हरियाणा की जनता ने प्रतिकूलता और नकारात्मक नेरेटिव के होते हुए भी भाजपा को पांच सीटें दी। लोकसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा गढ़ी गई नकारात्मक चुनौती के मध्य पांच सीटें जीतने का श्रेय पूनिया ने हरियाणा की जनता के साथ-साथ कार्यकर्ताओं और नेताओं की एकजुटता को दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में देश में जो बदलाव हुए हैं उसका असर हरियाणा में भी देखने को मिला है। नीतिगत तौर पर जो नीतियां लागू हुई उसका धरातल पर लाभ हरियाणा को मिला है। केंद्र की योजनाओं में हरियाणा की रैंकिंग बेहतर रही है।

## खबर संक्षेप

### सीढ़ियों से गिरने पर पुलिस जवान की मौत

**भट्टूकलां।** खंड के गांव ढाण्ड में बीती रात हरियाणा पुलिस में तैनात एक जवान की सीढ़ियों से फिसलकर गिरने से मौत हो गई। मृतक के भाई मनोज कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि मांगेराम पुत्र मनफूल निवासी ढांड जो कि मधुबन में हरियाणा पुलिस की चतुर्थ बटालियन में बतौर सिपाही तैनात था। वह कल देर शाम को ही घर आया था। सीढ़ियों पर पैर फिसलने की वजह से नीचे आ गिरा और मौके पर ही मौत हो गई।



मृतक मांगेराम।

### राशन डिपो दिलाने के नाम पर ठगे 3.5 लाख

**यमुनानगर।** महिला ने खाद्य आपूर्ति विभाग के निवर्तमान सब इंस्पेक्टर समेत चार लोगों पर राशन डिपो दिलाने के नाम पर साढ़े तीन लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी निर्वतमान सब इंस्पेक्टर बालक राम समेत चार के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### साइबर ठगों ने खाते से निकाले 5 लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के खाते से पांच लाख रुपये निकालकर ठग लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव पिपलीवाला निवासी करणपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके मोबाइल पर गत 26 जून की रात को अनजान नंबर से काल आया। उसने उस समय कॉल रिसीव नहीं किया। मगर अगले दिन 27 जून की रात को फिर से उसी नंबर से उसके मोबाइल फोन पर कॉल आई।

### रेप का केस दर्ज करवाने के नाम पर 4 लाख वसूले

**फतेहाबाद।** भट्टू क्षेत्र के गांव मेहूवाला निवासी एक युवक से एक युवती व उसके परिवार द्वारा रेप का झूठा केस दर्ज करवाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने और 4 लाख रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। युवती और उसके परिवार ने इसके बाद युवक से और पैसों की डिमांड की लेकिन पैसे न देने पर युवक के खिलाफ रेप का केस दर्ज करवा दिया गया। अब इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को पैसे की डिमांड करने वाली रिकार्डिंग सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। प्राथमिक जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पांच बच्चों को रेस्क्यू कर कराई कांउसलिंग

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा कैट व थाना धौज की टीम ने कार्रवाई करते हुए 4 बच्चों को भीख मांगते व एक बच्चे को लावारिश अवस्था में घूमते हुए रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने व परिजनों द्वारा उनकी भली प्रकार से देखभाल के लिए प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है। आपरेशन स्माईल के तहत कार्य करते हुए अपराध शाखा कैट ने बडख़ल चौक व सेक्टर-28 से 4 नाबालिक बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है। सभी बच्चों की उम्र 6 से 13 वर्ष के बीच में है। इसके अलावा थाना धौज की टीम ने घर से लापता एक नाबालिक लडके को धौज गांव से लावारिश अवस्था में घूमते हुए रेस्क्यू किया है।

### सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर चालान

**फरीदाबाद।** सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर सब इंस्पेक्टर आस मोहम्मद का कोटपा 2003 के अन्तर्गत काटा गया चालान। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करने पर सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाती है।

### फरीदाबादः लापता युवक का मोर्चरी में मिला शव

**फरीदाबाद।** लापता युवक का शव रेलवे लाइन पर क्षत वक्षित हालत में नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में मिला। वह मां से झगड़ा कर घर से निकला था। इस बीच परिजनों ने समझा कि वह दोस्तों के साथ हरद्विार गया है। इसके बाद भी वह घर नहीं लौटा। परिजन को मोर्चरी में शव मिला है।

# जींद का पैरामिल्ट्री कमांडो कुलगाम में शहीद, आज राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

## जाजनवाला में शोक की लहर, गर्भवती पत्नी की हालत बिगड़ी, बिलखती मां बोली- तेरे बिना कैसे जिएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव जाजनवाला का लाडला लांस नायक पैरामिल्ट्री कमांडो प्रदीप नैन कुलगांव जम्मू-कश्मीर में शनिवार रात आतंकवादियों से लोहा लेते समय शहीद हो गया। प्रदीप नैन की शहादत की सूचना गांव जाजनवाला पहुंची तो गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उनके आवास पर परिजनों को सांत्वना देने वालों की भीड़ लग गई। शहीद के शव का राजकीय सम्मान के साथ संस्कार सोमवार को गांव जाजनवाला में किया जाएगा। गांव जाजनवाला निवासी प्रदीप नैन (27) परिवार का इकलौता चिराग था। वर्ष 2015 में वह पैरा मिल्ट्री में सिपाही के पद भर्ती हुआ था। प्रदीप नैन के पिता बलवान सिंह अढ़ाई एकड़ के किसान हैं और खेतीबाड़ी करते हैं।



शहीद प्रदीप नैन के फाइल फोटो।



शहीद प्रदीप नैन के परिजन विलाप करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### पांच को फोन पर परिजनों से बात हुई थी

प्रदीप नैन की फिलहाल पैरामिल्ट्री फोर्स में लांस लायक के पद पर कुलगाम जम्मू-कश्मीर में थी। गत दिवस उन्हें कुलगांव में आतंकवादियों के छुपने की सूचना मिली थी। जिसके चलते आर्मी ने ज्वायंट आप्रेशन चलाया। आर्मी की टुकड़ी ने लांस नायक प्रदीप नैन के नेतृत्व में आंतकवादियों को घेर लिया और मुठभेड़ हो गई। जिसमें दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। आतंकवादियों की तरफ से की गई फायरिंग में गोलियां लगने से लांस नायक प्रदीप नैन शहीद हो गया। परिजनों ने बताया कि प्रदीप में देश सेवा का जब्बा बचपन से था। आर्मी में भर्ती होने का सपना भी बचपन से ही देखा था। 2019 में वालेंटियरी पैरा मिल्ट्री में चले गए थे। शहीद प्रदीप नैन का साला भी आर्मी में है और उनका जीजा भी आर्मी में है। परिजनों ने बताया कि पांच जुलाई को प्रदीप से अंतिम बार फोन पर बातचीत हुई थी। शाम को उन्हें प्रदीप के शहीद के होने की सूचना मिली। परिजनों को इकलौत बेटे को खोने का गम तो है लेकिन शहदात पर गर्व भी है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रदीप नैन मिलनसार था। शहीद प्रदीप नैन का सोमवार को उनके गांव जाजनवाला में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### गांव के लिए हीरो था प्रदीप

शहीद प्रदीप नैन के चाचा पूर्व ब्लॉक समिति चैयरमैन प्रतिनिधि सुशील नैन ने बताया कि उनके सेना में भर्ती होने के बाद गांव के युवा सेना में जाने की तैयारी करने लग गए थे। प्रदीप के शहीद होने से परिवार के लोगों पर दुखों का पहाड़ पड़ गया है। लोग कह रहे हैं एक तो नन्ही जान जो दुनिया में नहीं आई, दूसरी उसकी पत्नी जिसकी सारी जिंदगी बाकी है, किसके सहारे जिएगी। शहीद प्रदीप को अंतिम विदाई देने के लिए बिनैन खाप व आसपास गांव के लोग हजारों की संख्या में पहुंचगे। उनके परिवार में इकलौता प्रदीप नैन ही था, जोकि वर्ष 2015 में आर्मी में भर्ती हुआ था।

## रेवाड़ी के खड़गवास गांव में 29 जून को हुई थी वारदात

# जलती चिता से निकाली गई लाश की गुत्थी सुलझी ऑनर किलिंग का परिणाम थी युवती की हत्या

- प्रेम संबंधों से नाराज परिजनों ने युवती को मारपीट करने के बाद जहर देकर मार डाला था
- पुलिस ने हत्या के आरोप में युवती के चाचा को गिरफ्तार करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गत 29 जून की रात खगड़वास गांव में जलती चिता से युवती का शव निकालने के मामले की गुत्थी रामपुरा थाना पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि प्रेम संबंधों से नाराज परिजनों ने युवती को मारपीट करने के बाद जहर देकर मारा था। साक्ष्य मिटाने के लिए बिना पोस्टमार्टम कराए ही उसका अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने हत्या के आरोप में युवती के चाचा को गिरफ्तार करने के बाद 2 दिन के रिमांड पर लिया है। हत्या के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव की करीब 22 वर्षीय एमएससी की छात्रा प्रियंका को उसके परिजनों ने जहर देकर मार दिया है। बिना पोस्टमार्टम कराए ही उसका अंतिम संस्कार किया जा रहा है। इस सूचना के बाद थाना रामपुरा पुलिस मौके पर पहुंची तो श्मशान घाट में पचास से साठ लोग मौजूद थे। पुलिस के अनुसार जब इन लोगों से चिता की आग शांत कर शव को निकालने की बात कही गई, तो इन लोगों ने पुलिस का जमकर विरोध किया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने विरोध की सूचना सीनियर अधिकारियों को दी। इसके बाद रामपुरा थाना एसएचओ मुकेश चंद अपने साथ भारी पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड और सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस की ओर से तैयार की गई रिपोर्ट के मुताबिक मृतका के परिजनों और कई ग्रामीणों ने चिता की आग बुझाने का पुरजोर विरोध किया। इसके बाद एसएचओ मुकेश कुमार ने प्रशासन से ड्यूटी मजिस्ट्रेट भेजने की अपील की। प्रशासन की ओर से तहसीलदार रामनिवास को ड्यूटी मजिस्ट्रेट बनाकर भेजा गया। बाद में पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और हत्या व हत्या के सबूत मिटाने का केस दर्ज किया था।



रेवाड़ी। युवती की मौत के बाद श्मशान में जलती चिता की आग। फाइल फोटो।

### लाठीचार्ज की चेतावनी के बाद हटे थे पीछे

पुलिस के अनुसार मृतका के परिजन किसी भी सूरत में चिता पर पानी नहीं डालने दे रहे थे। जब ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने लाठीचार्ज की चेतावनी दी, तो ग्रामीण पीछे हटने को तैयार हुए। इसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने चिता पर पानी डालकर आग शांत की। शव को चिता से बाहर निकाला गया। तब तक शरीर काफी हद तक जल चुका था, लेकिन मृतका के सिर के कुछ बाल बचे हुए थे। एफएसएल की टीम ने बालों और चिता की राख को सैंपल के तौर पर कब्जे में लिया था। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से सल्फासनुमा पदार्थ और उल्टी के सैंपल भी लिए थे। पुलिस ने मृतका का लैपटॉप भी अपने कब्जे में लिया था।

### प्रेम प्रसंग के चलते वारदात को अंजाम

रामपुरा थाना एसएचओ मुकेश कुमार के अनुसार प्रियंका का पड़ोसी गांव के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों को इस बात का पता चला चुका था। परिजनों ने प्रियंका को उससे मेलजोल खत्म करने के लिए कहा था, परंतु वह अपनी जिद पर अड़ी हुई थी। सूत्रों के अनुसार परिजनों ने घटना के दिन उसे पड़ोसी गांव के युवक के साथ देख लिया था। इसके बाद ही उसके साथ मारपीट करते हुए वारदात को अंजाम दे दिया। सूत्र बताते हैं कि प्रियंका को जहर देकर मारने के बाद अंतिम संस्कार करने की सूचना भी पुलिस को उसकी युवक ने दी थी।

### सल्फास देने की बात विनोद ने स्वीकारा

पुलिस ने इस मामले में पहली गिरफ्तारी के रूप में मृतका के चाचा विनोद को गिरफ्तार किया है। रविवार को उसे मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरंभिक पूछताछ में विनोद ने स्वीकार किया है कि प्रियंका को खिलाने के लिए सल्फास वह खुद खरीदकर लाया था। रिमांड के दौरान उससे पूछताछ करते हुए यह पता लगाया जाएगा कि हत्याकांड में कितने और शामिल थे। अंतिम संस्कार में शामिल होने की पहचान भी उससे कराई जाएगी। मृतका का पिता अभी फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस लगी हुई है।



हिसार। जन परिवाद समिति की बैठक में शिकायतें सुनते मंत्री डॉ. बनवारी लाल।

## शिकायत पर मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने की कार्रवाई

# हिसार की जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया निलंबित

- मंत्री ने अधिकारी का अन्यत्र तबादला करने को भी लिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने उक्त अधिकारी का यहां से तबादला करने के भी निर्देश दिए हैं। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल रविवार को यहां पर जन परिवाद समिति की बैठक में शिकायतों पर सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उनके सामने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया की शिकायत आई। शिकायत भी विभाग के कर्मचारियों ने ही की थी जिसमें उक्त अधिकारी पर विभाग के कर्मचारियों को परेशान करने के आरोप लगाए गए थे। जन परिवाद समिति में जिला मौलिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने शिकायत दी थी कि हिसार की जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया की कार्यप्रणाली अहंकार से भरी हुई है। अधिकारी द्वारा विभिन्न प्रकार से कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। शिकायत पर सुनवाई करते हुए मंत्री डा. बनवारी लाल ने उपायुक्त व अन्य अधिकारियों से विचार-विमर्श किया और शिकायत को सही पाया। इसके बाद उन्होंने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया को सस्पेंड व तबादले करने के निर्देश दिए।

# झज्जर में हादसे में पशुओं के डॉक्टर की जान गई

## संतुलन बिगड़ने से ईंटों से टकराई बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव डीघल में अज्ञात कारणों से मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने के चलते बाइक ईंटों में टकराने से पशु चिकित्सक की मौत हो गई। मृतक की पहचान डीघल निवासी करीब 41 वर्षीय कर्मवीर पुत्र कृष्ण के तौर पर हुई है। कर्मवीर रोहतक जिले के कारोर गांव में पशु चिकित्सक था। मामले के जांच अधिकारी युद्धवीर ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब कर्मवीर सुबह अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर दूध लेने के लिए घर से निकला था। अचानक बीच रास्ते उसकी मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे लगे ईंटों के चट्टे से जा टकराई। इस कारण कर्मवीर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर वे मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

## स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की कार्रवाई

# नशा तस्कर से प्रतिबंधित दवाई के 1320 कैप्सूल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा लगातार नशातस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी शिकंजा के तहत हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट अंबाला की टीम ने एक नशातस्कर को गिरफ्तार कर उससे प्रतिबंधित दवाई ट्रामाडोल के हजारों रुपये कीमत के 1320 कैप्सूल बरामद किए हैं। कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है। प्रदेश भर में नशातस्करों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कंट्रोल ब्यूरो यूनिट अंबाला की टीम किसी खुफिया मिशन पर यमुनानगर के पंचायत भवन क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान टीम को खास मुखबर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गोबिंदपुरा की ओर से प्रतिबंधित दवाई के कैप्सूलों का जखीरा लेकर उसे सप्लाई करने के लिए यमुनानगर की ओर जा रहा है।



नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम द्वारा पकड़े गए नशातस्कर को कोर्ट में पेश करने ले जाते हुए टीम के सदस्य।

## हथनीकुंड बैराज पर कभी 12 हजार क्यूसिक पानी तो कभी 21 हजार क्यूसिक तक बह रहा

# पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश से यमुना में जलस्तर का उतार-चढ़ाव जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पहाड़ी इलाकों व मैदानी इलाकों में पिछले दो दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश से यमुना नदी के जलस्तर में उतार चढ़ाव जारी है। मगर गनीमत यह है कि अभी यमुना नदी अपने न्यूनतम स्तर से भी कम जलस्तर पर बह रही है। रविवार को यमुना नदी का जलस्तर सुबह नौ बजे जहां 13778 क्यूसिक था वहीं दोपहर तीन बजे 21581 क्यूसिक तक पहुंच गया। मगर शाम होते-होते जलस्तर घटकर 14666 क्यूसिक रह गया। बताया गया है कि हथनी कुंड बैराज पर यमुना नदी का सामान्य जलस्तर 70 हजार क्यूसिक तक रहता है। सिंचाई विभाग के हथनीकुंड बैराज कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के मुताबिक अभी पहाड़ी व मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर हल्की बारिश हो रही है। जिसकी वजह से हथनी कुंड बैराज में यमुना नदी के जलस्तर में उतार चढ़ाव हो रहा है। यमुना नदी में रविवार को दिन भर जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी रहा। हालांकि उन्होंने बताया कि गत शनिवार को पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश होने से हथिनीकुंड बैराज पर जलस्तर बढ़कर 39605 क्यूसिक पहुंच गया था। जिसके बाद बैराज से 18685 क्यूसिक पानी छोड़ा गया था।

### खतरे के निसान से नीचे बह रहा पानी



यमुनानगर। हथनीकुंड बैराज के नजदीक यमुना में बहता हुआ पानी।

**विस चुनाव की सरगर्मियां तेज** | जिंदल हाउस के 'कमल' पकड़ने पर हैट्रिक लगाने को बेताब दिख रही भाजपा

# फिरोजा नगरी में सियासी पिच तैयारी करने में जुटे टिकट के दावेदार

शमशेर सैनी ▶▶ हिसार

फिरोजा नगरी में आगामी विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही यहां का सियासी पारा भी चढ़ने लगा है। हिसार लोकसभा चुनाव के बाद से ही हिसार हलके से विभिन्न राजनीतिक दलों से टिकट के दावेदारों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। कई नेता तो खुद की टिकट पक्की मानकर जनसंपर्क अभियान में भी जुट गए हैं। हिसार विधानसभा क्षेत्र का पूरा इलाका शहरी मतदाताओं का है। यहां से बनिया, पंजाबी तथा सैनी समाज से विधायक बनते आए हैं। हिसार हलके में सबसे ज्यादा छह बार कांग्रेस पार्टी से विधायक निर्वाचित हुए है। वर्ष 2009 के बाद से कांग्रेस हिसार से जीत स्वाद नहीं चख पाई है। हिसार लोस चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस पूरे जोश में है और इस बार हिसार हलके में भाजपा को हैट्रिक बनाने से रोकने के लिए सियासी जमीन तैयार करने में जुट गई है। कांग्रेसी भाजपा की हैट्रिक रोक पाते हैं या नहीं, यह अभी भविष्य के गर्भ में है। हिसार विधानसभा सीट पर पांच बार जिंदल हाउस का दबदबा रहा है और यहां से पूर्व ऊर्जा मंत्री स्व. ओमप्रकाश जिंदल तथा सावित्री जिंदल विधायक निर्वाचित होती रही हैं। जिंदल हाउस भी भाजपा में शामिल हो चुका है, ऐसे में भाजपा पहले के मुकाबले हिसार में और अधिक मजबूत दिखाई दे रही है।



डॉ. कमल गुप्ता, गौतम सरदाना, रेखा सैनी, रवि सैनी, तरुण गोयल, रामनिवास राड़ा, बजरंग गर्ग, हनुमान ऐरन, तरुण गोयल, रमेश चुघ

### हलके में हार के बाद भी कांग्रेस उत्साहित

हिसार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 63 हजार से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी। इसके बावजूद हिसार हलके में कांग्रेस प्रत्याशी करीब 36 हजार से अधिक वोट के अंतर से हार गए थे। हलके में मिली हार के बाद भी यहां के कांग्रेसियों का जोश ठंडा नहीं हुआ, बल्कि कांग्रेस से टिकट की चाह रखने वाले की संख्या में इजाफा ही हुआ। हिसार हलके से कांग्रेस की टिकट के दावेदार में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा गुट से रामनिवास राड़ा, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गुट से बजरंग गर्ग, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष हनुमान ऐरन, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण सिंगला टीटू, बीर सिंह ख्यालिया, लोकेश महाजन, अशोक गोयल मंगालीवाला, छत्रपाल सोनी व अश्विनी शर्मा का नाम प्रमुख रूप शामिल है।

### डॉ. कमल गुप्ता के सामने इस बार दावेदारों में मची होड़

लोकसभा चुनाव के दौरान हिसार शहर का बड़े राजनीतिक घराने ने 'हाथ' का साथ छोड़ 'कमल' को थामा था। उसी दिन से भाजपा के 'कमल' में बेचैनी का आलम है। जी हां, हिसार विधानसभा से विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता भाजपा में लगातार तीसरी बार टिकट की दौड़ में सबसे आगे दिखाई दे रहे थे। हालांकि भाजपा में टिकट के लिए निवर्तमान मेयर गौतम सरदाना, पूर्व मंत्री चौधरी हरिसिंह सैनी की पुत्रवधू रेखा सैनी, रवि सैनी, सुरेंद्र लाहौरिया, पीयूष महत्ता व तरुण जैन भी जोर लगा रहे हैं। इसके बावजूद डॉ. कमल गुप्ता खुद की टिकट सेफ मानकर चल रहे थे। जिंदल हाउस की भाजपा में एंट्री होने के बाद डॉ. गुप्ता की टिकट के लिहाज से मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। चर्चा है कि भाजपा इस बार जिंदल परिवार के किसी एक सदस्य को हिसार से उतारी सकती है।

### आप, इनेलो और जेजेपी में भी कई दावेदार

हिसार विधानसभा सीट से इनेलो, जेजेपी और आम आदमी पार्टी कोई बड़ा करिश्मा नहीं कर पाई, लेकिन टिकट के चाहवान यहां भी सक्रिय हो चुके है। इनेलो से रमेश चुघ व प्रमोद बागड़ी का नाम दावेदारों में शामिल है। जेजेपी से तरुण गोयल, सज्जन लावट, जितेंद्र भ्याणा, रवि आहुजा तथा विपिन गोयल टिकट की दौड़ में है। आप से संजय सातरोड़िया तथा जगदीश तायल टिकट के दावेदार है।

### हिसार विधानसभा चुनाव परिणाम (2019)

| प्रत्याशी व पार्टी | मिले वोट |
| --- | --- |
| डॉ. कमल गुप्ता, भाजपा | 49,675 |
| राम निवास राड़ा, कांग्रेस | 33,843 |
| जितेंद्र श्योराण, जेजेपी | 6,143 |
| **हिसार में मतदाता व बूथ** | |
| कुल बूथ | 148 |
| पुरुष मतदाता | 94235 |
| महिला मतदाता | 84565 |
| थर्ड जेंडर | 3 |
| **कुल मतदाता** | **178803** |

### टिकट नहीं तो 'कमल' छोड़ पकड़ेंगे 'हाथ'

लोकसभा चुनाव में हिसार विधानसभा सीट से मिली जीत के बावजूद भाजपा के एक वरिष्ठ पंजाबी नेता ने अपना नया ठिकाना तलाशना शुरू कर दिया है। यह पंजाबी नेता हिसार तथा बरवाला विधानसभा से भाजपा में टिकट की दावेदारी कर रहा है। भाजपा दोनों में से एक जगह पर टिकट देती है तो ठीक नहीं तो इस पंजाबी नेता ने अपने पुराने राजनीति घर की तरफ पींग बढ़ानी शुरू कर दी है। यह पंजाबी नेता जनप्रतिनिधित्व पर कर चुका है।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में टीसीएस व इंफोसिस शीर्ष पर रहे

**नई दिल्ली।** संसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 1,83,290.36 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक फायदे में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं।

### भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर चर्चा इसी माह

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में नई सरकार के कार्यभार संभालने के साथ ही भारत और ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने और वार्ता को अंतिम रूप देने के लिए इस महीने अगले दौर की वार्ता करेंगे।

### सचिव स्तर के अधिकारी ही बन पाएगे ट्राई चेयमैन

**दिल्ली।** सरकार ने दूरसंचार अधिनियम के तहत नियमों को अधिसूचित कर दिया है जिसके मुताबिक केवल सरकार के सचिव या समकक्ष रैंक के अधिकारी ही दूरसंचार नियामक ट्राई के चेयरमैन पद के लिए पात्र होंगे।

### बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन में गिरावट

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर मांग की वजह से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई। दूसरी ओर आयातित सोयाबीन डीगम तेल की जुलाई खेप की कीमत में वृद्धि के कारण बाकी सभी देशी एवं आयातित तेल-तिलहन के दाम में सुधार देखने को मिला।

## जॉब

☞ सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी, भारतीय वनविभाग द्वारा निकाली पक्की सीधी भर्ती परमानेंट बेसेस पर, (10008) पद-फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, पदों पर (10वीं-12वीं) पास लड़के लड़कियां आवेदन करे। सैलरी-(28600-35600) कॉल/व्हाट्सएप करे-8274989318

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# जेप्टो अगले 24 महीने में बन जाएगी डी-मार्ट से भी बड़ी कंपनी : सीईओ का दावा

## जेप्टो के को-फाउंडर आदित पलिचा ने उम्मीद जताई, डीमार्ट बिक्री के मामले में हमसे 4.5 गुना अधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन ग्रॉसरी डिलीवरी करने वाली कंपनी, जेप्टो अगले 18 से 24 महीने में बिक्री के मामले में दिग्गज ऑफलाइन रिटेल कंपनी डीमार्ट को भी पीछे छोड़ सकती है। जेप्टो के कोफाउंडर और सीईओ आदित पलिचा ने एक कार्यक्रम के दौरान ये दावा किया। पलिचा ने कहा, डीमार्ट 30 बिलियन डॉलर की कंपनी है और बिक्री के मामले में वे हमसे 4.5 गुना अधिक हैं। अगर हम अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखते हैं, तो हमारी बिक्री में हर साल 2-3 गुना बढ़ती रहेगी। इस रफ्तार पर हम अगले 18-24 महीनों में डीमार्ट से आगे निकल जाएंगे, जो एक शानदार कंज्यूमर कंपनी है।

### जेप्टो देश के टॉप 40 शहरों में

सीईओ ने कहा कि जेप्टो देश के टॉप 40 शहरों में 5 से 7.5 करोड़ परिवारों पर फोकस कर रहा है। इस आबादी का देश की ग्रॉसरी और रोजाना उपभोग वाली वस्तुओं की खरीदारी में काफी योगदान है। पलिचा के मुताबिक, देश का किराना मार्केट वित्त वर्ष 2029 तक बढ़कर 850 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा, जिसमें से इन परिवारों का योगदान 400 अरब डॉलर का होगा।




### हम सबसे बड़ी कैटेगरी का निर्माण कर रहे

दिल्ली में आयोजित जेआईआईएफ फाउंडेशन डे कार्यक्रम में बोलते हुए पलिचा ने कहा, किराना सामान उन सभी कैटेगरी से बड़ा है, जिनकी सेवाएं अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियां देती हैं। हम सबसे बड़ी कैटेगरी का निर्माण कर रहे हैं। पिछले 3 सालों में हमारी यात्रा बहुत रोमांचक रही है। हम 3 साल से भी कम समय में शून्य से 10,000 करोड़ रुपए (बिक्री में) तक पहुंच गए हैं।

### इंटरनेट इंडस्ट्रीज में सबसे तेज भारतीय कंपनी

यह इंटरनेट इंडस्ट्रीज में ऐसा करने वाली सबसे तेज भारतीय कंपनी है। फ्लिपकार्ट को इस लक्ष्य तक पहुंचने में 4 साल लगे थे। हमने यह 2.5 सालों में ही कर दिया। उन्होंने कहा, हम अपने आप को एक हाइपरलोकल वॉलमार्ट के रूप में देखते हैं। इसी बात ने हमें विस्तार करने और मुनाफे के उस बिंदु तक पहुंचने में मदद की है, जहां हम आज पहुंचे हैं।

## न्यूयार्क के मार्क किंग्डन ने रिपोर्ट का लाभ उठाया

# हिंडनबर्ग ने प्रकाशन से दो माह पहले अदाणी से संबंधित रिपोर्ट अपने ग्राहक से साझा की : सेबी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट की एक अग्रिम प्रति इसके प्रकाशन से लगभग दो महीने पहले न्यूयॉर्क स्थित हेज कोष प्रबंधक मार्क किंग्डन के साथ साझा की थी और समूह की कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव का लाभ उठाया था।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह दावा किया है। सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजे अपने 46 पृष्ठ के कारण बताओ नोटिस में विस्तार से बताया है कि कैसे अमेरिकी शॉर्ट सेलर, न्यूयॉर्क के हेज कोष (हेज फंड) और कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े ब्रोकर को समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद आई भारी-भरकम 150 अरब डॉलर की गिरावट से लाभ हुआ।

### कोटक महिंद्रा बैंक ने किया खुलासा

कोटक महिंद्रा बैंक ने कहा है कि किंग्डन ने कभी यह खुलासा नहीं किया कि उनका हिंडनबर्ग के साथ कोई संबंध था और न ही वे किसी मूल्य-संवेदनशील जानकारी के आधार पर काम कर रहे थे। सेबी ने पिछले साल उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति को बताया था कि वह 13 ऐसी बाहरी 'अस्पष्ट' इकाइयों की जांच कर रहा है जिनकी अदाणी समूह के पांच सार्वजनिक रूप से कारोबार वाले शेयरों में 14 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच हिस्सेदारी थी।




### भारत डराने धमकाने का प्रयास करता है: हिंडनबर्ग

वहीं सेबी के इस कारण बताओ नोटिस के जवाब में हिंडनबर्ग ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि यह भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने और डराने-धमकाने' का प्रयास है।

### कोटक महिंद्रा केएमआईएल से संबंधित थी

साथ ही उसने खुलासा किया है कि अदाणी की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. के खिलाफ दांव लगाने के लिए जिस इकाई का इस्तेमाल किया गया वह कोटक महिंद्रा (इंटरनेशनल) लिमिटेड (केएमआईएल) से संबंधित थी, जो कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड की मॉरीशस स्थित अनुषंगी कंपनी है।

### सेबी का इन लोगों को नोटिस

सेबी ने न केवल हिंडनबर्ग को, बल्कि केएमआईएल, किंग्डन और हिंडनबर्ग के संस्थापक नाथन एंडरसन को भी नोटिस भेजा है। पूर्व में अदाणी समूह के पक्ष में बात करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने 'एक्स' पर पोस्ट में दावा किया है कि किंग्डन का चीन से संपर्क है। किंग्डन का विवाह 'चीनी जासूस' अनला चेंग के साथ हुआ है।

### अदाणी इंटरप्राइजेस पर लगाया गया दांव

केएमआईएल के कोष ने अपने ग्राहक किंग्डन के किंग्डन कैपिटल मैनेजमेंट के लिए अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड पर दांव लगाया। सेबी के नोटिस में अदाणी एंटरप्राइजेज लि. (एईएल) में भविष्य के अनुबंध बेचने के लिए हेज फंड के एक कर्मचारी और केएमआईएल के कारोबारियों के बीच 'चैट' के अंश शामिल हैं।

### जेठमलानी का आरोप

जेठमलानी ने आरोप लगाया है कि चीनी जासूस चेंग ने अपने पति मार्क किंग्डन के साथ अदाणी पर एक शोध रिपोर्ट तैयार करने के लिए हिंडनबर्ग की सेवाएं ली। उन्होंने अदाणी के शेयरों की शॉर्ट सेलिंग के लिए ट्रेडिंग खाते को कोटक की सेवाएं लीं और इसके जरिये लाखों डॉलर कमाए। इससे अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में भारी गिरावट आई।

# स्नैक्स की सामग्री सूची 73 फीसदी भारतीय पढ़ते हैं



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

करीब 73 प्रतिशत भारतीय किसी भी स्नैक्स (नाश्ता) को खरीदने से पहले सामग्री सूची और पोषण मूल्य को पढ़ते हैं। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है।

इससे पता चलता है कि ज्यादातर भारतीय स्नैक्स खाते समय स्वास्थ्य के प्रति जागरुक हो रहे हैं।

**'हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट 2024' में उपभोग के रुझानों की पड़ताल**

देशभर में 6,000 से अधिक लोगों के सर्वेक्षण के आधार पर रविवार को जारी की गई 'हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट 2024' में उपभोग के रुझानों की पड़ताल की गई है।

रिपोर्ट में कहा गया, 'सर्वेक्षण में शामिल 73 प्रतिशत लोग खरीदारी करने से पहले सामग्री सूची और पोषण मूल्य के लिए लेबल पढ़ना पसंद करते हैं। इनमें से 93 प्रतिशत ने पारदर्शिता पर जोर देते हुए लेबल पढ़ने और स्वस्थ विकल्पों को अपनाने की इच्छा जताई है।'

स्नैकिंग ब्रांड फार्मले की यह रिपोर्ट खाद्य पदार्थों में मिलावट के बढ़ते मामलों के बीच जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता अब सचेत हैं और वे संभावित हानिकारक पदार्थों के लिए खाद्य पैकेट की जांच करते हैं। इसलिए, 10 में नौ उत्तरदाताओं ने स्नैक्स के लिए स्वस्थ विकल्प खोजने की कोशिश की।

### मखाना व मेवे स्नैकिंग खंड में उभरे

अब लगभग 60 प्रतिशत भारतीय मेवे, बीज और साबुत अनाज जैसे पौष्टिक तत्वों वाले प्राकृतिक उत्पादों का विकल्प चुन रहे हैं। मखाना और सूखे मेवे स्वस्थ स्नैकिंग खंड में सबसे अग्रणी बनकर उभरे हैं और 67 प्रतिशत भारतीय इन पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को पसंद करते हैं।

### हाउस ऑफ हिमालयाज व अमेजन इंडिया में करार

**देहरादून।** उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों का ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' अब अमेजन इंडिया पर भी उपलब्ध होगा। दोनों ने इसको लेकर समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किए। इस मौके पर मौजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समझौते के बाद अमेजन इंडिया के ई-मार्केटिंग पोर्टल पर 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की विधिवत शुरूआत भी की।

## टीसीएस, एचसीएल टेक के इसी सप्ताह आएंगे रिजल्ट

# तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होंगी। इसके अलावा सप्ताह के दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पहली तिमाही के नतीजे भी आने हैं, जो बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले सप्ताह की रिकॉर्ड तेजी के बाद स्थानीय बाजारों में कुछ नरमी दिख सकती है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, घरेलू मोर्चे पर कंपनियों का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों का सत्र इस सप्ताह शुरू हो रहा है।11 जुलाई को टीसीएस और 12 जुलाई को एचसीएल टेक्नोलॉजीज के तिमाही नतीजे आएंगे। इसके अलावा सरकार 23 जुलाई को 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करने जा रही है। शेयर बाजार के लिए यह एक प्रमुख घटनाक्रम होगा। बाजार को उम्मीद है कि सरकार बजट में वृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों की घोषणा करेगी। साथ ही मानसून की प्रगति पर भी सभी की निगाहें रहेंगी।गौड ने कहा कि इसके अलावा घरेलू और विदेशी संस्थागत (डीआईआई और



एफआईआई) निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगी। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स चार जुलाई को 80,392.64 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24,401 अंक के अपने नए शिखर पर पहुंचा था। मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, 'बाजार का परिदृश्य प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा। भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े, औद्योगिकी उत्पादन के आंकड़े, फेडरल रिजर्व प्रमुख का संबोधन, ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े, अमेरिका के उपभोक्ता मुद्रास्फीति तथा बेरोजगारी दावे के आंकड़े बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।

### बाजार बेहतर नतीजों की उम्मीद कर रहा

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 963.87 अंक या 1.21 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं निफ्टी 313.25 अंक या 1.30 प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "कंपनियों के तिमाही नतीजों का सत्र शुरू हो रहा है। आईटी क्षेत्र की दिग्गज टीसीएस से इसकी शुरुआत हो रही है। बाजार बेहतर नतीजों की उम्मीद कर रहा है।

**अप्रैल-जून तिमाही में एक अंकीय राजस्व वृद्धि संभव**

# एफएमसीजी कंपनियों को मार्जिन में सुधार की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोजमर्रा की जरूरतों का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मार्जिन में सुधार की उम्मीद है। साथ ही इन कंपनियों ने एक अंक की राजस्व वृद्धि का अनुमान जताया है, जिसे ग्रामीण मांग में सुधार और स्थिर शहरी बाजार से मदद मिली है। डाबर, मैरिको और अदाणी विल्मर जैसी सूचीबद्ध एफएमसीजी कंपनियों ने अपनी ताजा तिमाही सूचना में बताया



कि अप्रैल-जून तिमाही में मांग में क्रमिक सुधार हुआ, जो उम्मीद के मुताबिक है। घरेलू एफएमसीजी निर्माता डाबर को घरेलू बाजार में मध्य-एकल अंक में बिक्री बढ़ने और एकीकृत राजस्व वृद्धि मध्य से उच्च एकल अंक में रहने का अनुमान है। मैरिको ने कहा कि जून तिमाही में उसका एकीकृत राजस्व उच्च एकल अंक में बढ़ा, जबकि घरेलू व्यवसाय ने क्रमिक आधार पर मामूली वृद्धि दर्ज की। अदाणी विल्मर ने भी जून तिमाही में कुल 13 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज की। कंपनी ने कहा कि उसके खाद्य और एफएमसीजी कारोबार की बिक्री सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़ी। निर्माताओं को उम्मीद है कि मार्जिन भी सालाना आधार पर बढ़ेगा। ऐसा जिंस कीमतों में नरमी और लागत-बचत पहल के चलते होगा।

# पंजाब एंड सिंध बैंक की 100 नई शाखाएं खोलने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने चालू वित्त वर्ष में देशभर में 100 नई शाखाएं खोलने की योजना बनाई है। इस दौरान बैंक की अपने नेटवर्क में 100 नए एटीएम जोड़ने की भी योजना है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने कहा, 'सौ शाखाओं के जुड़ने से 2024-25 के अंत तक बैंक की शाखाओं की कुल संख्या 1,665 तक पहुंच जाएगी और एटीएम की संख्या भी 1,135 हो जाएगी।' साहा ने कहा कि बैंक शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा और उत्तरी क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी नई शाखाएं खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बैंक का बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने का भी विचार है। साहा ने कहा कि बैंक इस नेटवर्क को वर्तमान के 1,700 से बढ़ाकर चालू वित्त वर्ष (2024-25) के अंत तक 4,000 तक करने का प्रयास कर रहा है। साहा ने कहा कि बैंक ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अधिक उत्पादों और प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने पर काम कर रहा है।

## सार्वजनिक सूचना

खण्ड गन्नौर में बेगा घाट/यमुना घाट की वित्तीय वर्ष 2024-25 की सार्वजनिक नीलामी दिनांक-12.07.2024 को प्रातः 11:00 बजे खण्ड कार्यालय गन्नौर के मीटिंग हाल में उप-मण्डल अधिकारी (ना०) गन्नौर की उपस्थिति में गठित कमेटी द्वारा करवाई जानी निश्चित हुई है। बोली की नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी
पंचायत समिति, गन्नौर।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5565



**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5564 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | प | ट | ना | | ज | | अ | प | रा | ध |
| | ल | | म | | ना | वि | क | | ल | ड़ |
| ह | | | ज | ल | न | | ल | | | क |
| म | क | स | द | | खा | ना | | थ | का | न |
| रा | | ब | | म | न | | ध्व | | लि | |
| ज | प | क | र | ना | | रा | ज | कु | मा | र |
| | ह | | वा | | या | त्री | | ली | | वा |
| क | रा | र | | न | न | | अ | न | ब | न |
| म | | | ज | | चा | क | र | | | गी |
| सि | ला | | ह | म | ल | | दा | | सां | |
| न | क | सी | र | | क | | स | दा | चा | र |



# इंग्लैंड और नीदरलैंड ने अंतिम-4 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| डसेलडोर्फ

इंग्लैंड ने शनिवार रात को पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इंग्लैंड ने शूट आउट में 5-3 से जीत दर्ज की। ट्रेंट एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड ने जैसे ही इंग्लैंड की ओर से पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक को गोल में पहुंचाया तो टीम के खिलाड़ी और प्रशंसक खुशी से झूम उठे। वर्ष 2021 में यूरो के फाइनल में बुकायो साका की पेनल्टी किक बचाए जाने के कारण इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा था लेकिन शनिवार को उन्होंने भी शूट आउट में गोल दागा। इससे पहले उन्होंने 80वें मिनट में गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में खींचा था। एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड और साका के अलावा पेनल्टी शूट आउट में इंग्लैंड के लिए कोल पाल्मर, ज्यूड बेलिंघम और इवान टोनी ने भी गोल किए। इंग्लैंड अब फाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को डोर्टमंड में नीदरलैंड से भिड़ेगा। स्विट्जरलैंड को ब्रील एंबोलो ने 75वें मिनट में बढ़त दिलाई थी लेकिन साका में पांच मिनट बाद इंग्लैंड को बराबरी दिला दी जिससे मुकाबला अतिरिक्त समय और फिर शूट आउट में खिंचा।

यूरो 2024





### नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से दी शिकस्त

*बर्लिन। नीदरलैंड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में तुर्की को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। तुर्की को 35वें मिनट में सामेत अकेदिन ने बढ़त बनाई जिसके बाद स्टीफन डि व्रिज ने 70वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। डि व्रिज के गोल के छह मिनट बाद मर्ट मुल्दुर ने आत्मघाती गोल दागा जिससे नीदरलैंड ने 2-1 की बढ़त बना ली जो अंत में निर्णायक साबित हुई।*

कोपा अमेरिका

## उरूग्वे ने पेनल्टी शूट आउट में ब्राजील को 4-2 से हराया

**लास वेगास।** मैनुएल उगार्ते ने पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे उरूग्वे ने शनिवार को यहां ब्राजील को 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दोनों ही टीमें निर्धारित समय और फिर अतिरिक्त समय में भी गोल करने में नाकाम रहीं। इस मुकाबले में 41 फाउल हुए जो टूर्नामेंट के किसी मुकाबले में सर्वाधिक हैं। इस दौरान सिर्फ चार शॉट ही गोल की तरफ मारे गए। उरूग्वे के नाहिटन नांदेज को रोड्रिगो के खिलाफ खतरनाक टैकल के लिए 74वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया गया लेकिन ब्राजील की टीम विरोधी टीम के 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने का फायदा नहीं उठा सकी। शूट आउट में गोलकीपर सर्जियो रोशेट ने एडेर मिलिताओ का शॉट रोका जबकि डगलस लुई की पेनल्टी किक गोल पोस्ट से टकराई जिससे उरूग्वे ने 3-1 की बढ़त दिलाई गोलकीपर एलिसन बेकर ने चौथे प्रयास में उरूग्वे के जोस मारिया



गिमिनेज की पेनल्टी किक रोककर ब्राजील को मुकाबले में बनाए रखा लेकिन अगले प्रयास में उगार्ते ने गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उरूग्वे की टीम बुधवार को सेमीफाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी जिसने पनामा को 5-0 से हराया।



### कोलंबिया ने पनामा को 5-0 से रौंदा

**ग्लेनडेल।** कोलंबिया ने दबदबा बनाते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया। जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे किया। लुई डियाज ने रोड्रिग्ज के पास पर गोल दागकर कोलंबिया की बढ़त 3-0 की। दूसरे हाफ में 70वें मिनट में रिचर्ड रायोस और फिर मिगुएल बोर्जा ने इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर गोल करके कोलंबिया की 5-0 से जीत सुनिश्चित की।

## खबर संक्षेप



### रग्बी : जागरुकता पैदा करना चाहते हैं सेरेवी

**मुंबई।** फिजी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और अब भारत के कोच वेसाले सेरेवी ने देश में रग्बी को लेकर जागरुकता पैदा करने को अपना पहला लक्ष्य बनाया है। 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल 56 साल के सेरेवी को भारत की पुरुष और महिला सेवेन्स रग्बी टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। सेरेवी ने पीटीआई से विशेष बातचीत के दौरान कहा, 'मैं सामान्यतः दुनिया के इस हिस्से में, एशिया में, रग्बी पर ध्यान नहीं देता। लेकिन मैंने दुनिया के इस हिस्से में टीमों को रग्बी खेलते हुए देखा है।'

### राजावत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में हारे



**कैलगेरी।** प्रियांशु राजावत को यहां पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ सीधे गेम मे हार का सामना करना पड़ा जिससे कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत को दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी लेनियर के खिलाफ 45 मिनट में 17-21, 10-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। राजावत ने इससे पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच एकमात्र मुकाबले में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के क्वालीफिकेशन में लेनियर को हराया था।

### क्रिकेट कोच के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत



**तिरुवनंतपुरम।** केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने खुद ही संज्ञान लेकर रविवार को केरल क्रिकेट संघ के एक पूर्व कोच के खिलाफ युवा महिला खिलाड़ियों के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना में मामला दर्ज किया। आयोग ने लड़कियों द्वारा लगाए गए आरोपों और ऐसी घटनाओं को लेकर केसीए को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है। आधिकारिक बयान के अनुसार पैनल ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में खुद ही संज्ञान लिया और आरोपी कोच के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपी मनु पिछले 10 वर्षों से केसीए में कोच था।

234 रन टी20 अंतरराष्ट्रीय में मेजबान के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर

# भारत ने जिम्बाब्वे को 100 रन से रौंदा, अभिषेक का तूफान

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारतीय टीम ने युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा की 47 गेंद में 100 रन की शानदार शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे पर 100 रन की जीत से पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। भारत ने रविवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है, इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 186 रन का था। फिर भारत ने जिम्बाब्वे को 18.4 ओवर में 134 रन पर समेट दिया।

बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पहले मैच में मिली भारतीय टीम को 13 रन से हार मिली थी। भारत ने मुकेश कुमार (37 रन देकर तीन विकेट), आवेश खान (15 रन देकर तीन विकेट) और रवि बिश्नोई (11 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को हरा दिया। भारत ने इस तरह टी20 में जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की।



**अभिषेक-ऋतुराज ने जोड़े 137 रन**

पिछले मैच में पदार्पण के दौरान चार गेंद में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक ने सूझबूझ से खेलते हुए ऋतुराज गायकवाड़ (नाबाद 77 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी निभाई। इन दोनों के अलावा रिंकू सिंह ने 22 गेंद में पांच छक्के जड़ित नाबाद 48 रन की पारी खेली। गायकवाड़ और रिंकू ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 87 रन की भागीदारी निभाई।

### सुदर्शन का डेब्यू

युवा ओपनर साई सुदर्शन को रविवार को हरारे में अपना टी20 डेब्यू करने का मौका मिला। कप्तान शुभमन गिल ने तमिलनाडु के इस ओपनर को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद की जगह प्लेइंग 11 में शामिल किया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का मेयर्स बो मास्काद्जा | 100 | 47 | 7 | 8 |
| गिल का बेनेट बो मुजारबानी | 02 | 04 | 0 | 0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 77 | 47 | 11 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 48 | 22 | 2 | 5 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 234/2

गेंदबाजी : बेनेट 2-0-22-0, मुजारबानी 4-1-30-1, चतारा 4-0-38-0, रजा 3-0-34-0, जोंग्वे 4-0-53-0, मेयर्स 1-0-28-0, मास्काद्जा 2-0-29-1.

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इनोसेंट काइया बो मुकेश | 04 | 03 | 1 | 0 |
| वेस्ली माधेवेरे बो रवि बिश्नोई | 43 | 39 | 3 | 1 |
| ब्रायन बेनेट बो मुकेश | 26 | 09 | 1 | 3 |
| मेयर्स का रिंकू बो आवेश | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रजा का जुरेल बो आवेश | 04 | 04 | 1 | 0 |
| कैम्पबेल का बिश्नोई बो सुंदर | 10 | 18 | 0 | 0 |
| मडांडे पगबाधा बो बिश्नोई | 00 | 04 | 0 | 0 |
| मास्काद्जा रन आउट | 01 | 03 | 0 | 0 |
| जोंगवे का गायकवाड़ बो मुकेश | 33 | 26 | 4 | 0 |
| मुजारबानी का सुंदर बो आवेश | 02 | 04 | 0 | 0 |
| टेंडाई चतारा नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 18.4 ओवर में 134/10

गेंदबाजी : मुकेश 3.4-0-37-3, अभिषेक 3-0-36-0, आवेश 3-0-15-3, बिश्नोई 4-0-11-2, सुंदर 4-0-28-1, पराग 1-0-5-0.

## जोकोविच 4 सेट में संघर्ष कर जीते स्वियाटेक का थमा अजेय अभियान

एजेंसी ▶▶| लंदन

सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां एलेक्सेई पोपिरिन को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि महिला एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने पोपिरिन को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

दूसरी तरफ स्वियाटेक को पहला सेट जीतने के बावजूद ऑल इंग्लैंड क्लब पर तीसरे दौर के मुकाबले में गैर वरीय यूलिया पुतिंत्सेवा ने 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। इसके साथ ही स्वियाटेक का लगातार 21 मैच में जीत का अभियान भी थम गया।

विंबलडन



### स्वियाटेक को रास नहीं आता ग्रास कोर्ट



*पांच बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियाटेक को विंबलडन का ग्रास कोर्ट काफी रास नहीं आता है। 2022 में भी एलिज कोर्नेट ने तीसरे दौर में उन्हें हराकर उनके लगातार 37 मैच के विजयी अभियान पर रोक लगाई थी। महिला एकल में ही 21वीं वरीय एलेना स्वितोलिना ने 10वें नंबर की ओन्स जेब्युर को 6-1, 7-6 से हराया।*

## एल्ड्रिन और अंकिता ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंबी कूद के एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन और 5000 मीटर धावक अंकिता ध्यानी ने रविवार को विश्व रैंकिंग कोटे के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया जिससे भारतीय एथलेटिक्स टीम में सदस्यों की संख्या बढ़कर 30 हो गई।





लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एल्ड्रिन और अंकिता का नाम विश्व एथलेटिक्स द्वारा प्रकाशित नवीनतम सूची में शामिल है। राष्ट्रीय महासंघों ने अंतरराष्ट्रीय संस्था को अपने उन एथलीटों के बारे में सूचित किया जो कट बनाने के बावजूद विभिन्न कारणों से पेरिस में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। इसी तरह का उदाहरण भारत के शीर्ष लंबी कूद के एथलीट एम श्रीशंकर का है, जिन्हें 8.27 मीटर के क्वालिफिकेशन मानक से सीधे प्रवेश करने के बावजूद चोट के कारण खेलों से बाहर होना पड़ा। एल्ड्रिन सूची में 31वें स्थान पर हैं, जबकि 32 खिलाड़ी ओलंपिक में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में भाग लेंगे। अंकिता को 42वें स्थान पर रखा गया जो अंतिम रैंकिंग स्थान है। दो जुलाई को दोनों ही क्वालीफिकेशन ब्रैकेट से बाहर थे।

## पाकिस्तान स्टेडियमों पर खर्च करेगा 17 अरब रुपए

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कराची, लाहौर और रावलपिंडी में अपने स्टेडियमों की मरम्मत के लिए लगभग 17 अरब रुपए आवंटित किए। पीसीबी के संचालन बोर्ड ने शनिवार को लाहौर में हुई बैठक में यह राशि मंजूर की, जिसमें महिला क्रिकेट पर खर्च के लिए 24 करोड़ रुपए भी आवंटित किए गए। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड के सदस्यों को यह भी बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी पूरी तरह से पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी और इस महीने के अंत में कोलंबो में होने वाली आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक में इस पर आगे चर्चा की जाएगी।




## बारिश ने फेरा भारत और दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदों पर पानी

**चेन्नई।** भारत की तीन मैच की श्रृंखला में वापसी करने और दक्षिण अफ्रीका की अजेय बढ़त बनाने की उम्मीदों पर बारिश ने पानी फेर दिया जिसके कारण इन दोनों टीम के बीच दूसरा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच रविवार को यहां रद्द करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका में पहला मैच 12 रन से जीता था और इस तरह से वह तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद तेजमिन ब्रिट्स के लगातार दूसरे अर्धशतक की मदद से छह विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारतीय पारी शुरू होने से पहले ही बारिश आ गई जो थमी नहीं और अंपायरों ने आखिर में स्थानीय समयानुसार रात 10 बजकर पांच मिनट पर मैच रद्द करने की घोषणा की। इससे पहले ब्रिट्स ने शुरू में मिले जीवनदान का फायदा उठाकर 39 गेंद पर 52 रन बनाए जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल है। उनके अलावा अन्नेका बोश ने 32 गेंद पर छह चौकों की मदद से 40 रन का योगदान दिया। भारत की तरफ से अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा (20 रन देकर दो विकेट) और पूजा वस्त्राकर (37 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रही।

## अविनाश ने अपना राष्ट्रीय स्टीपलचेस रिकॉर्ड तोड़ा जेना आठवें स्थान पर रहे

**पेरिस।** अविनाश साबले ने रविवार को यहां पेरिस में डायमंड लीग प्रतियोगिता में आठ मिनट 9.91 सेकेंड का समय निकालकर छठे स्थान पर रहकर 3000 मीटर स्टीपलचेस में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर दिखाया कि वह पेरिस ओलंपिक से पहले से पहली सही समय पर लय में आ रहे हैं। 29 वर्षीय साबले ने 8:11.20 सेकेंड का अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। इस तरह उन्होंने डेढ़ सेकेंड से बेहतर समय निकाला। इथियोपिया के अब्राहम सिमे 8:02.36 के समय से कीनिया के अमोस सेरेम ((8:02.36) से 'फोटो फिनिश' में पहले स्थान रहे। कीनिया के अब्राहम किबिवोट 8:06.70 के समय से तीसरे स्थान पर रहे। साबले ने दो साल पहले बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था और वह इसे तोड़ने में सफल रहे। यह उनका 10वां राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाला प्रदर्शन रहा। वहीं पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में ओलंपिक दल के सदस्य किशोर जेना का संघर्ष जारी रहा और वह 78.10 मीटर के प्रयास से आठवें स्थान पर रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 87.54 मीटर है और सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 80.84 मीटर है।

### रोहित की कप्तानी पर बीसीसीआई सचिव शाह को भरोसा

# चैंपियंस ट्रॉफी और डब्लूटीसी फाइनल जीतने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने रविवार को कहा कि टी20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट भारत की अगुआई जारी रखेंगे। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत उनकी कप्तानी में अगले साल होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतेगा।

कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।



शाह ने एक वीडियो संदेश में कहा, 'अगला चरण डब्लूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी है। मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है कि हम इन दोनों टूर्नामेंट में चैंपियन बनेंगे।' अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन आठ साल बाद किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंपा जा चुका है लेकिन बीसीसीआई ने अब तक इसे हरी झंडी नहीं दी है। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई 2023 एकदिवसीय एशिया कप की तरह 'हाईब्रिड मॉडल' लागू करने पर जोर देगा। इस मॉडल के तहत भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले सहित अपने सभी मै श्रीलंका में खेले थे।

### कप्तानी छोड़ने के अटकलों पर लगा विराम

शाह के इस संदेश ने इन अटकलों पर विराम लग गया है कि क्या रोहित अन्य प्रारूपों में कप्तान की भूमिका छोड़ेंगे? रोहित जब तक कप्तानी नहीं छोड़ते तब तक भारत को एक बार फिर अलग-अलग प्रारूपों में दो कप्तान देखने को मिलेंगे। रोहित एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट में अगुआई करते रहेंगे जबकि हार्दिक पंड्या के टी20 प्रारूप में कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। रोहित की अगुआई में भारत ने पिछले साल डब्लूटीसी और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के फाइनल में भी जगह बनाई थी। भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था।

## अभय ने एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में जीते दो स्वर्ण



**जोहोर।** प्रतिभाशाली स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने रविवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में दोहरे खिताब हासिल किए।

एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अभय ने वेलावन सेंथिलकुमार के साथ मिलकर पुरुष युगल खिताब जीता। इसके बाद अभय ने अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल फाइनल में फतह हासिल की। अभय और वेलावन की शीर्ष वरीय जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में मलेशिया के ओंग साई हुंग और सियाफिक कमाल की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 11-4, 11-5 से शिकस्त दी। इसके बाद अभय और जोशना की तीसरी वरीय जोड़ी ने टोंग सेज विंग और टांग मिंग होंग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को मिश्रित युगल फाइनल में 11-8, 10-11, 11-5 से हराया।

चिंतन

# रूस यात्रा से एक तीर से सधेंगे कई निशाने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सोमवार से दो दिन की रूस यात्रा पर हैं। आठ और नौ जुलाई को पीएम रूस की राजधानी मॉस्को में रहेंगे। इस यात्रा को भारत की कूटनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अभी हाल ही में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में पीएम ने शिरकत नहीं की, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया, इस लिहाज से एससीओ की शिखर बैठक के ठीक बाद पीएम मोदी के रूस की यात्रा पर जाने का बड़ा कूटनीतिक महत्व है। तीसरी बार भारत के पीएम बनने के बाद मोदी की यह पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा है, और इसके लिए उन्होंने रूस को चुना है, इसका अर्थ है कि भारत अपने सबसे विश्वसनीय वैश्विक साझेदार रूस को वैश्विक शक्ति संतुलन के परिप्रेक्ष्य में कितना अधिक महत्व देता है। पिछले महीने ही तीसरी बार शपथ के बाद पीएम जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेने इटली गए थे। वर्ष 2022 की फरवरी में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था, तब से रूस व यूक्रेन के बीच जंग जारी है, उस हमले के बाद से पीएम मोदी की यह पहली रूस यात्रा है। मोदी ने पिछली बार 2019 में व्लादिवोस्तोक में ईस्टर्न इकोनॉमिक फ़ोरम में हिस्सा लेने के लिए रूस का दौरा किया था। रूस व यूक्रेन जंग में भारत तटस्थ रहा है और वार्ता के जरिये मसले सुलझाने की अपील करता रहा है। इस दौरान पीएम मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन व यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से अलग-अलग व्यक्तिगत बातचीत में यह युद्ध का युग नहीं का संदेश दे चुके हैं। भारत की अध्यक्षता में जी-20 की शिखर बैठक में भी भारत ने पश्चिम के दबाव के चलते रूस के खिलाफ किसी भी एजेंडे को जी-20 के संयुक्त घोषणा में शामिल नहीं होने दिया था। रूस के नजरिये से पीएम की इस यात्रा का अर्थ पश्चिम की रूस को अलग-थलग करने की कोशिशों को नकारना है। रूस और पश्चिम के खराब रिश्ते के चलते चीन पर बढ़ रही रूसी निर्भरता को साधने के लिए पीएम की इस यात्रा की टाइमिंग भी महत्वपूर्ण है। भारत व रूस के बीच शिखर सम्मेलन वर्ष 2021 से ही नहीं हुआ है। इस बार कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में हुई एससीओ की बैठक में रूस व चीन के बीच अपने-अपने एजेंडे को बढ़ाने की होड़ भी दिखी, इसके बाद भी अमेरिकी अदावत के चलते चीन और रूस करीब हैं। चीन व रूस की करीबी का भारत कूटनीतिक फायदा भी उठाता रहा है, इसके बावजूद भारत की चेष्टा है कि चीन को मॉस्को व नई दिल्ली के प्रगाढ़ रिश्ते की अहमियत का पता रहे। भारत पश्चिम के साथ अपने रिश्ते के साथ-साथ रूस संग भी अपने संबंध का संतुलन बनाए रखना चाहता है। इटली में जी-7 नेताओं से मिलने के कुछ ही दिनों बाद रूस गए हैं। एससीओ में नहीं जाने की कूटनीतिक भरपाई भी रूस यात्रा से हो जाएगी। पीएम अपने पूर्व के दो कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा के लिए पड़ोसी देशों को चुना, इस बार रूस गए हैं, यह दौरा भूराजनीतिक जरूरतों को बिम्बित करता है। इस बार यात्रा में यूक्रेन जंग, आपसी व्यापार, क्षेत्रीय व वैश्विक सुरक्षा, रक्षा उपकरणों की आपूर्ति, तेल व गैस, हाइड्रोकार्बन की आपूर्ति, भुगतान के मुद्दे, प्रस्तावित चेन्नई-व्लादिवोस्तोक मैरिटाइम कॉरिडोर में निवेश और प्रमुख मिलिटरी लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट पर बातचीत होगी। इस यात्रा से चीन व यूएस लॉबी के पश्चिम दोनों के लिए भी संदेश हैं। वर्तमान भूराजनीतिक परिदृश्य में भारत व रूस की गहरी दोस्ती शक्ति संतुलन की प्रकाश पुंज है।

# केवल दंड नहीं, न्याय पर भी फोकस



विश्लेषण
उज्ज्वल वीरेंद्र दीपक

भारतीय न्याय संहिता, 2023 के कार्यान्वयन के साथ, भारत में सबसे साहसी विधायी प्रयासों में से एक लागू हो गया है। 19वीं शताब्दी में अपनी स्थापना के बाद से आईपीसी और सीआरपीसी भारत में सबसे कम संशोधित कानून थे। इसके विपरीत, 1950 में लागू हुए संविधान में 100 से अधिक बार संशोधन किया गया। यह एक विडम्बना है कि संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियों की पिछली कई सरकारों ने हमारी कानूनी और न्याय प्रणाली को उपनिवेशवाद से मुक्त करने का कोई प्रयास नहीं किया। हम जो देख रहे हैं वह औपनिवेशिक का पूर्ण परिवर्तन और आधुनिकता की छलांग है और अब केवल दंड नहीं, बल्कि न्याय पर भी ध्यान केंद्रित है।

भारतीय न्याय संहिता और कानूनी प्रणाली में अन्य ऐतिहासिक बदलावों के साथ, हम औपनिवेशिक शासन का पूर्ण परिवर्तन, प्राचीनता का पुनरुद्धार और अमृत काल में आधुनिकता की छलांग देख रहे हैं। 1 जुलाई को भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) के कार्यान्वयन के साथ, भारत में किसी भी सरकार द्वारा किए गए सबसे साहसी विधायी प्रयासों में से एक लागू हो गया है। यह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह लेता है, जिन्हें ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान तैयार किया गया था। 19वीं शताब्दी में अपनी स्थापना के बाद से आईपीसी और सीआरपीसी भारत में सबसे कम संशोधित कानून थे। इसके विपरीत, 1950 में लागू हुए संविधान में 100 से अधिक बार संशोधन किया गया। यह एक विडम्बना है कि संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियों की पिछली कई सरकारों ने हमारी कानूनी और न्याय प्रणाली को उपनिवेशवाद से मुक्त करने का कोई प्रयास नहीं किया।

भारत के 76वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल में औपनिवेशिक मानसिकता और उपनिवेशवाद की गंध वाले कानूनों से आजादी के मुद्दे को उठाया। नए भारत को निस्संदेह ब्रिटिश-युग के औपनिवेशिक कानूनों में सुधार और न्यायशास्त्र में परिवर्तन की आवश्यकता है। भारतीय चेतना से संपन्न और संविधान की भावना के अनुरूप तीन नए अधिनियम हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में एक ऐतिहासिक बदलाव लाने वाले हैं। न्याय, भारतीय संविधान, भारतीयता और नागरिकों की भलाई इन नए अधिनियमों के मूल में होगी। कानून और व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से मौजूदा आपराधिक कानूनों की समीक्षा करना और कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी था ताकि 140 करोड़ नागरिकों के लिए जीवन में आसानी और न्याय में आसानी सुनिश्चित हो सके।

नए अधिनियम न केवल समसामयिक हैं, बल्कि भविष्योन्मुखी भी हैं, जिनका उद्देश्य सभी को शीघ्र न्याय प्रदान करना है। लोगों की समसामयिक आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप एक ऐसी कानूनी संरचना का निर्माण किया गया है जो नागरिक केंद्रित हो और नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता को सुरक्षित रखे। तीन नए कानून पुलिस को जवाबदेह बनाते हुए पीड़ित-केंद्रित हैं। 1860 में बनी भारतीय 'दंड' संहिता का उद्देश्य न्याय सुनिश्चित करना नहीं बल्कि सजा देना था। तीनों नए कानून न्याय, समानता और निष्पक्षता के बुनियादी सिद्धांतों के आधार पर लाए गए हैं। गृह मंत्रालय ने इन तीन पुराने कानूनों में बदलाव लाने के लिए 2019 से गहन विचार-विमर्श शुरू किया था। इन कानूनों को लेकर कुल 3200 सुझाव प्राप्त हुए और गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुझावों और संशोधनों पर सूक्ष्मता से विचार करते हुए इन तीनों कानूनों पर विचार करने के लिए 158 बैठकें कीं। बीएनएस आईपीसी के कुछ प्रावधानों को अधिक संक्षिप्त बनाने के लिए समेकित करता है और




511 धाराओं की तुलना में 356 धाराएं पेश करता है। नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रमुख आपराधिक क़ानून में आतंकवाद को पारिभाषित किया है, और यह एक शून्य-सहिष्णुता नीति को दर्शाता है। इन कानूनों में पहली बार संगठित अपराध को भी पारिभाषित किया गया है। संगठित अपराध में अपहरण, जबरन वसूली, कॉन्ट्रैक्ट हत्या, जमीन पर कब्जा, वित्तीय घोटाले और अपराध सिंडिकेट की ओर से किए गए साइबर अपराध जैसे अपराध शामिल हैं।

नई चुनौतियों के अनुसार, आर्थिक अपराध शब्द को पहली बार संगठित अपराध के हिस्से के रूप में पेश किया गया है, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला लेन-देन और पारंपरिक वित्तीय जालसाजी के अपराध शामिल हैं। भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर एक नया अध्याय समर्पित किया गया है। 18 वर्ष से कम उम्र की महिला से बलात्कार के लिए आजीवन कारावास और मृत्युदंड का प्रावधान है। सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में 20 साल की कैद या मौत तक कैद की सजा का प्रावधान है। यह किसी महिला के साथ धोखे से या झूठे वादे करके यौन संबंध बनाने को भी अपराध मानता है। दूसरी ओर, बीएनएस निर्दिष्ट आधार पर पांच या अधिक लोगों द्वारा की गई हत्या या गंभीर चोट को अपराध के रूप में जोड़ता है। इन आधारों में नस्ल, जाति, लिंग, भाषा या व्यक्तिगत विश्वास शामिल हैं। ऐसी हत्या की सजा आजीवन कारावास या मौत है। न्याय संहिता, 2023 के कार्यान्वयन; नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और साक्ष्य अधिनियम, 2023 के साथ भारत ने एक साहसिक कदम बढ़ाया है।

न्याय की प्राचीन अवधारणा, न्याय के आधुनिक मिश्रण और नई चुनौतियों से निपटने के लिए एक उन्नत डिजाइन के साथ, सभ्यतागत ज्ञान और आधुनिकता के मिश्रण के साथ इन नए कानूनी सुधारों को मूर्त रूप दिया गया है। समेकन और सुव्यवस्थितीकरण, भाषा और परिभाषाओं का आधुनिकीकरण, विस्तारित क्षेत्राधिकार, अपराधों की संशोधित और नई श्रेणियां, लिंग-तटस्थ प्रावधान और हमारी कानूनी प्रणाली के प्रतिशोधात्मक सिद्धांतों पर पुनर्विचार किया गया है। मौत, आजीवन कारावास, कारावास, संपत्ति की जब्ती और जुर्माने की पहले से निर्धारित सजाओं से आगे बढ़ते हुए, बीएनएस की धारा 4 (एफ) की शुरुआत एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है, जिसमें सजा का छठा रूप 'सामुदायिक सेवा' जोड़ा गया है । ऐतिहासिक रूप से, आईपीसी ने प्रतिशोधात्मक सिद्धांत में निहित दंडात्मक उपायों पर जोर दिया - अपराधी को दंडित करना और पीड़ितों को मुआवजा देना। बीएनएस और अन्य उपायों के साथ, अब हम दंड को मानवीय बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं और केवल प्रतिशोध के बजाय पुनर्वास पर भी ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, लेकिन इसका मतलब निश्चित रूप से यह नहीं है कि हमारी नई कानूनी प्रणाली अपराधी को बेदाग छूट देगी। बीएनएस के तहत 83 अपराधों में जुर्माना राशि बढ़ाई गई है और 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा की व्यवस्था की गई है। सामुदायिक सेवा के लिए दंड छह अपराधों में पेश किया गया है, और 19 धाराओं को अधिनियम से निरस्त या हटा दिया गया है।

नए कानून भारत में एक आधुनिक न्याय प्रणाली के कार्यान्वयन की कल्पना करते हैं, जिसमें जीरो एफआईआर, पुलिस शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से सम्मन और सभी जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान लाए गए हैं। हम जो देख रहे हैं वह औपनिवेशिक का पूर्ण परिवर्तन, प्राचीनता का पुनरुद्धार और आधुनिकता की छलांग है और अब केवल दंड नहीं, बल्कि न्याय पर भी ध्यान केंद्रित है।

(लेखक कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती
कृष्ण प्रताप सिंह



# ज्योति बसु और उनकी पार्टी का वह 'हिमालयन ब्लंडर'!

भारत की वामपंथी राजनीति के सबसे चमकीले सितारों में से एक, ज्योति बसु, जिनकी आज जयंती है को सिर्फ इस बात के लिए नहीं जाना जाता कि वे 21 जून, 1977 से 5 नवम्बर, 2000 तक देश के चुनिन्दा बड़े राज्यों में से एक पश्चिम बंगाल की वामपंथी मोर्चा सरकार के मुखिया रहे। एक समय देश में सबसे लम्बे समय तक मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहने का रिकॉर्ड उन्हीं के नाम था जो अब सिक्किम के पवन कुमार चामलिंग के नाम है। उन्होंने वर्ष 2000 में मुख्यमंत्री का पद जनरोष के शिकार होने के बाद नहीं, बढ़ती उम्र की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के कारण छोड़ा था। पश्चिम बंगाल से वाममोर्चा सरकार की जिस विदाई को कई लोग उसके लाल किले के ढहने के तौर पर देखते हैं, वह उनके बाद बुद्धदेव भट्टाचार्य के समय की परिघटना है। देश उनको ऐसे नेता के रूप में ज्यादा जानता है, जिसकी पार्टी ने 1996 में उससे उसके समक्ष उपस्थित भारत का पहला वामपंथी प्रधानमंत्री बनने का अवसर छीन लिया था। तिस पर उनका बड़प्पन कि उन्होंने पार्टी को सर्वोपरि रखते हुए प्रधानमंत्री पद ठुकरा दिया था। बावजूद इसके कि उन्हें लगता था कि पार्टी ने उक्त अवसर गंवाकर हिमालय जैसी गलती की है। कुछ जानकारों के अनुसार उनको एक नहीं, चार-चार बार प्रधानमंत्री बनने के प्रस्ताव मिले थे। इनमें पहला 1990 में वीपी सिंह की सरकार गिरने के बाद कांग्रेस प्रमुख राजीव गांधी द्वारा दिया गया था, जिसे उन्होंने सात महीने बाद चंद्रशेखर की सरकार गिरने पर दोहराया भी था। आगे चलकर 1996 और 1999 में भी उन्हें ऐसे प्रस्ताव मिले, जिनमें 1996 का प्रस्ताव सबसे ज्यादा चर्चित हुआ। दरअसल, 1966 के लोकसभा चुनाव में गैरभाजपा-गैरकांग्रेस पार्टियां इस स्थिति में आईं कि केन्द्र में कांग्रेस के समर्थन से सरकार बना सकें तो उन्होंने ऐसे नेता की तलाश आरंभ की, जो उनके गठबंधन व सरकार को सुचारू रूप से चला सके। तब कहा गया कि एकमात्र ज्योति बसु ही ऐसा कर सकते हैं। फिर तो ऐसी स्थिति बन गई कि उनके नाम पर किसी भी पार्टी को ऐतराज नहीं रह गया-मात्र उनकी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को छोड़कर, लेकिन उनकी पार्टी ने अपने तत्कालीन महासचिव कॉमरेड सुरजीत की पैरवी के बावजूद उनके प्रधानमंत्री बनने के विरुद्ध फैसला किया, तो उन्होंने उसकी इस 'हिमालय-सी गलती' को किसी हील-हुज्जत के बिना स्वीकार कर लिया। 1914 में आज के ही दिन कोलकाता में पैदा हुए बसु तत्कालीन पूर्वी बंगाल {अब बाग्लादेश} में ढाका के वार्दी गांव के मूल निवासी श्रीमती हेमलता व डॉ निशिकांत बसु के तीसरे बेटे थे। तमाम उतार-चढ़ावों के बीच 1940 में इंग्लैंड से बैरिस्टरी की पढ़ाई करके वे कलकत्ता लौटे तो लाल रंग में रंग चुके थे, इसलिए परिजनों के लाख मना करने के बावजूद खुद को देश की कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ने से नहीं रोक पाए। 1940 में उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट में वकालत शुरू की तो उन्होंने पार्टी के भूमिगत व सार्वजनिक रूप से सक्रिय नेताओं के बीच संवाद के मजबूत सेतु की तरह काम किया। इसी का फल था कि पार्टी के पहले ही वैध सत्र में उन्हें उसकी प्रांतीय समिति का संगठनकर्ता चुन लिया गया। पार्टी से प्रतिबन्ध हटा तो वे उसके बांग्ला मुखपत्र 'स्वाधीनता' के सम्पादक मंडल के अध्यक्ष और राज्य समिति के निर्विरोध सचिव बने। 1954 में मदुरै कांग्रेस में उन्हें पार्टी की केन्द्रीय समिति और पालघाट कांग्रेस में केन्द्रीय सचिवालय के लिए चुना गया। 1964 में पार्टी के विभाजन के वक्त उन्हें 31 अन्य सदस्यों के साथ राष्ट्रीय परिषद से निलंबित कर दिया गया तो वे सीपीआई (एम) की केन्द्रीय समिति व पोलित ब्यूरो के लिए चुने गये। अपनी चुनावी राजनीति की शुरुआत उन्होंने 32 वर्ष की उम्र में ही कर दी थी। 1946 में रेलवे (कांस्टीट्यूएंसी) की तरफ से बंगाल विधानसभा के लिए चुने गए। अपने मुख्यमंत्रीकाल में उन्होंने पंचायतीराज और भूमि सुधार कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू किया, जिसके फलस्वरूप पश्चिम बंगाल देश का ऐसा पहला राज्य बन गया, जहां फसल कटकर पहले बंटाईदार के घर जाती है। 2010 में 95 साल की अवस्था में निमोनिया से पीड़ित होने के बाद उन्होंने 17 जनवरी की सुबह कोलकाता के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली तो उनकी अंतिम यात्रा किसी श्मशान में नहीं बल्कि एक अस्पताल में जाकर समाप्त हुई ताकि उनका शरीर, जिसे उन्होंने वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए दान कर रखा था, उसको सौंपा जा सके।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है, इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

## पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

शिवजी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिवजी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिवजी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिवजी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिवजी के पास लौट आईं। इसके बाद शिवजी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिवजी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिवजी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिवजी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिवजी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## अंतर्मन




आज की पाती

### अमरनाथ यात्रा मंगलमय हो

बाबा बर्फानी अर्थात अमरनाथ की यात्रा शुरू हो चुकी है। सरकार और प्रशासन ने श्रद्धालुओं को हर सुविधा उपलब्ध कराने के पुख्ता इंतजाम तो किए ही हैं, आतंकवाद से सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सेना भी तैयार है। लेकिन इस यात्रा को और सुखद, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए श्रद्धालुओं को भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार और प्रशासन ने जो भी नियम इस यात्रा के लिए बनाए हैं, उनका पालन गंभीरता से करना चाहिए। जो भी रास्ता प्रशासन ने बताया है या जिन चीजों के लंगर लगाने की इजाजत दी है, उसी रास्ते का प्रयोग करना चाहिए और उन्हीं चीजों के लंगर लगाने चाहिए। दूसरा, लोगों को वहां शांति और अनुशासन में रहकर यात्रा करनी चाहिए, भगदड़ करने से बचना चाहिए। तीसरा, पहाड़ी रास्तों में सावधानी बरतनी चाहिए। *– रमेश साहू, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### श्रीलंका विदेशी जहाजों पर से प्रतिबंध अगले साल हटाएगा

श्रीलंका ने विदेशी अनुसंधान जहाजों के आगमन पर अगले साल से प्रतिबंध हटाने का निर्णय लिया है। जापान की मीडिया में आई खबर से यह जानकारी मिली। उच्च प्रौद्योगिकी वाले चीनी जासूसी जहाजों द्वारा श्रीलंकाई बंदरगाह पर लंगर डालने संबंधी बार-बार के अनुरोध के बाद जताई गई सुरक्षा चिंताओं के बाद यह प्रतिबंध लगाया गया था। प्रतिबंध हटाने के निर्णय की जानकारी श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने 'एनएचके वर्ल्ड जापान' को दी। हिंद महासागर में चीनी अनुसंधान जहाजों की बढ़ती आवाजाही पर नयी दिल्ली ने चिंता व्यक्त करते हुए इनके जासूसी जहाज होने का अंदेशा जताया था और कोलंबो से आग्रह किया था कि वह ऐसे जहाजों को अपने बंदरगाहों पर न आने दे। भारत द्वारा चिंता जताए जाने के बाद श्रीलंका ने जनवरी में अपने बंदरगाह पर विदेशी अनुसंधान जहाजों के लंगर डालने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस साल की शुरुआत में एक चीनी जहाज के लिए हालांकि छूट दी गई थी। एनएचके वर्ल्ड जापान की शुक्रवार की एक रिपोर्ट के अनुसार, साबरी ने कहा कि उनकी सरकार अलग-अलग देशों के लिए अलग-अलग नियम नहीं बना सकती। उन्होंने कहा कि उनका देश दूसरों के बीच विवाद में किसी का पक्ष नहीं लेगा।



## ऑफ बीट

### संक्रमण से सुरक्षा पाने को साल में दो बार लगाए इंजेक्शन

दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में व्यापक स्तर पर किये गए एक क्लिनिकल परीक्षण से पता चला है कि नयी रोग-निरोधक दवा का साल में दो बार इंजेक्शन युवतियों को एचआईवी संक्रमण से पूरी सुरक्षा देता है। परीक्षण में यह पता लगाने की कोशिश की गई कि क्या 'लेनकापाविर' का छह-छह महीने पर इंजेक्शन, दो अन्य दवाओं (रोज ली जाने वाली गोलियों) की तुलना में एचआईवी संक्रमण के खिलाफ बेहतर सुरक्षा प्रदान करेगा। सभी तीन दवाएं 'प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस' (रोग निरोधक) दवाएं हैं। अध्ययन के दक्षिण अफ्रीकी भाग के प्रमुख अन्वेषक, चिकित्सक-वैज्ञानिक लिंडा-गेल बेकर ने बताया कि कि यह सफलता इतनी महत्वपूर्ण क्यों है और आगे क्या उम्मीद की जाए। लेनकापाविर और दो अन्य दवाओं की प्रभावकारिता का परीक्षण 5,000 प्रतिभागियों के साथ 'उद्देश्य 1' परीक्षण युगांडा में तीन स्थलों और दक्षिण अफ्रीका में 25 स्थलों पर किया गया। लेनकापाविर (लेन एलए) एचआईवी कैप्सिड में प्रवेश करता है। कैप्सिड एक प्रोटीन शेल है जो एचआईवी की आनुवंशिक सामग्री और प्रतिकृति के लिए आवश्यक एंजाइमों की रक्षा करता है। इसे हर छह महीने में एक बार त्वचा में लगाया जाता है।



## ट्रेंड

### राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा



वीरभूमि हिमाचल के सपूत, परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा ने कारगिल युद्ध के दौरान शौर्य की जो अमर गाथा लिखी वह अमिट अक्षरों में दर्ज रहेगी। आज उनके बलिदान दिवस पर उन्हें शत-शत नमन करता हूँ। आपके सर्वस्व अर्पण के लिए कृतज्ञ राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री

### शुभ संकल्प रखें



जीवन की सफलता और संसिद्धि सद्विचार और पारमार्थिक प्रवृत्तियों में सन्निहित है जो हमें शुभ संकल्प, साधु-सन्तों की सत्प्रेरणा और अनुग्रह से सहज ही उपलब्ध हो जाती है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### लोको पायलट्स को सुविधा नहीं



नरेंद्र मोदी की सरकार में लोको पायलट्स के जीवन की रेल पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। गर्मी से खौलते केबिन में बैठ कर लोको पायलट्स 16-16 घंटे काम करने को मजबूर हैं। जिनके भरोसे करोड़ों ज़िंदगियां चलती हैं, उनकी अपनी ज़िन्दगी का कोई भरोसा नहीं रह गया है।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### ऐसे बनें करिश्माई



करिश्माई बनने के तरीके- सच्चे बनो, शांत रहें, सम्मान रखें, मुस्कुराओ, ऊर्जावान बनाना, उत्साही बनो, प्रामाणिकता, महान संचार कौशल, सकारात्मकता का संचार करें और आँख से संपर्क रखें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### केन्द्रीय मंत्री चिराग ने की नीतीश से मुलाकात

**पटना (भाषा)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने केंद्रीय मंत्री बनने के बाद रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पहली बार मुलाकात की। पासवान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मुख्यमंत्री से मुलाकात की अपनी कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ₹केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद आज पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर सौजन्य भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

### सूरतः इमारत ढहने की घटना में एक गिरफ्तार

**सूरत (भाषा)।** गुजरात के सूरत शहर में छह मंजिला इमारत ढहने की घटना में रात में छह और शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। न्होंने बताया कि इमारत के किराएदारों से किराया वसूलने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और उस पर तथा इमारत के दो मालिकों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मृतकों में से ज्यादातर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कपड़ा मजदूर थे।

### केरलः स्वाइन फ्लू के चलते 310 सूअर मारे

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र ने रविवार को कहा कि अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसएफ) के प्रकोप के बाद केरल के त्रिशूर जिले में लगभग 310 सूअरों को मार दिया गया है। इस प्रकोप का पता मदक्कथरन पंचायत में चला जिसके बाद राज्य के पशुपालन विभाग ने तुरंत कार्रवाई की। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने कहा कि पांच जुलाई को इस क्षेत्र के एक किलोमीटर दायरे में सूअरों को मारने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल तैनात किया गया था।

### बीआरएस पार्टी नेताओं ने दिया इस्तीफा

**हैदराबाद (भाषा)।** तेलंगाना विधानसभा चुनावों में पिछले साल हार मिलने के बाद से के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को एकजुट रखने की कोशिशों के बावजूद इसके सात विधायक और छह विधान परिषद सदस्य (एनएलसी) पार्टी छोड़कर सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। इनके अलावा बीआरएस के राज्यसभा सदस्य के. केशव राव, उनकी बेटी और हैदराबाद की महापौर विजया लक्ष्मी आर गडवाल सहित कई अन्य नेता भी कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। केशव राव ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया।

### गुजरात में छात्रावास परिसर के उद्घाटन के दौरान बोले अमित शाह

# देश के लिए मरने की नहीं, जीने की जरूरत

भाषा ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश के लिए मरने की नहीं बल्कि जीने की जरूरत है। उन्होंने गुजरात के विकास में भूमिका के लिए कड़वा पाटीदार समुदाय की सराहना की। वह मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की मौजूदगी में यहां छात्रों के लिए एक छात्रावास परिसर का उद्घाटन करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शाह ने शहर में एक अस्पताल का भी उद्घाटन किया। छात्रावास के अधिकारियों ने बताया कि अमीन पीजेकेपी विद्यार्थी भवन का निर्माण कड़वा पाटीदार समुदाय द्वारा किया गया है और इसमें सभी सामाजिक समूहों के छात्रों के लिए आवास की व्यवस्था होगी। शाह ने कहा कि आज देश के लिए मरने की नहीं, बल्कि देश के



लिए जीने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आप एक अच्छे आईएएस, आईपीएस, सीए, चिकित्सक, अच्छे नागरिक या गृहिणी हो सकते हैं, लेकिन आपको देश के लिए काम करने की जरूरत है।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि कड़वा पाटीदार समुदाय ने गुजरात के विकास में बहुत योगदान दिया है।

#### अहमदाबाद में एसएलआईएमएस अस्पताल का भी उद्घाटन किया

अमित शाह ने अहमदाबाद में नवनिर्मित 'एसएलआईएमएस' अस्पताल का भी उद्घाटन किया। उन्होंने ट्वीट किया, ''तीस करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित आठ मंजिला अस्पताल में ओपीडी सुविधाओं के साथ रोबोटिक सर्जरी और हृदय देखभाल केंद्र जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। मुझे विश्वास है कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह अस्पताल क्षेत्र की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने में मददगार होगा।' शाह ने कहा कि गुजरात और पाटीदार समाज का विकास समानांतर है। अपनी मेहनत से कड़वा पाटीदार समाज ने अपने विकास के साथ-साथ राज्य और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।'' शाह ने कहा, ''उत्तर गुजरात के कड़वा पाटीदार समाज के कई संस्थानों से शिक्षा ग्रहण कर आज लोग देश की सेवा कर रहे हैं।

## दिल्ली प्रदेश भाजपा की बैठक




### 2025 में दिल्ली के विधानसभा चुनावों में जीत को लेकर कार्यकर्ता कमर कसें

**नई दिल्ली(भाषा)।** भाजपा की दिल्ली इकाई ने रविवार को अपने कार्यकर्ताओं को हालिया चुनावों में राष्ट्रीय राजधानी की सभी सातों लोस सीट पर पार्टी की जीत के लिए बधाई दी और उनसे 2025 में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रयास तेज करने को कहा। जेएलएन स्टेडियम में प्रदेश भाजपा की विस्तारित कार्यकारिणी समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं के काम की सराहना की गई। इसकी अध्यक्षता दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने की और इसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किया। मौके पर दिल्ली से भाजपा के सांसद, प्रदेश इकाई के पदाधिकारी, वार्ड से जिला स्तर तक के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक के दौरान विस चुनावों के लिए भाजपा की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। नेताओं और कार्यकर्ताओं से मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को सूचित करने और आप की दिल्ली सरकार की ₹विफलताओं₹ को उजागर करने के लिए कहा गया।

### हाथरस पहुंचा दल, भगदड़ स्थल का निरीक्षण किया, प्रत्यक्षदर्शियों से मिला

# न्यायिक आयोग सभी को भगदड़ से जुड़े सबूत साझा करने का जारी करेगा नोटिस

भाषा ▶▶ नोएडा (उप्र)

उत्तर प्रदेश सरकार का न्यायिक आयोग हर उस व्यक्ति से बात करेगा जिससे दो जुलाई को हाथरस में मची भगदड़ के मामले की जांच के लिए बात करना आवश्यक होगा। जांच आयोग के एक सदस्य ने रविवार को यह बात तब कही जब उनसे पूछा गया कि क्या स्वयंभू भोले बाबा से पूछताछ की जाएगी। आयोग के एक अन्य सदस्य और अध्यक्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने हाथरस में पत्रकारों से कहा कि न्यायिक आयोग सार्वजनिक नोटिस जारी कर स्थानीय लोगों और इस घटना के प्रत्यक्षदर्शियों से भगदड़ के संबंध में कोई सबूत साझा करने तथा अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहेगा। श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय दल में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी हेमंत राव और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी भावेश कुमार भी शामिल हैं।



#### हम हर उस व्यक्ति से पूछताछ करेंगे जिससे बात करना आवश्यक होगा

यह पूछने पर कि क्या न्यायिक आयोग स्वयंभू बाबा से भी पूछताछ करेगा, इस पर भावेश कुमार ने कहा कि आयोग हर उस व्यक्ति से बात करेगा जिससे हाथरस भगदड़ मामले की जांच के लिए बात करना आवश्यक है।'' तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने रविवार को स्थानीय लोगों के अलावा अधिकारियों और भगदड़ के प्रत्यक्षदर्शियों से बातचीत की। इस घटना में 121 लोगों की मौत हो गई थी। यह दल शनिवार को हाथरस पहुंचा और राष्ट्रीय राजमार्ग 91 पर फुलराई गांव के पास भगदड़ स्थल का निरीक्षण किया। रविवार सुबह न्यायिक आयोग की टीम ने जिले में अलीगढ़ रोड पर स्थित पीडब्ल्यूडी अतिथि गृह पहुंचकर अपनी जांच जारी रखी। श्रीवास्तव ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद शनिवार को पत्रकारों से कहा था, ''हमें दो महीने के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया गया है।'' हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार व पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल भी टीम के साथ थे।

#### राहुल गांधी ने सीएम योगी को लिखा पत्र पीड़ितों का मुआवजा बढ़ाने की मांग की

**नई दिल्ली (भाषा)।** राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हाथरस में मची भगदड़ के पीड़ितों के लिए मुआवजे की राशि बढ़ाने का आग्रह किया है और इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है। आदित्यनाथ को लिखे पत्र में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाना चाहिए और घायलों को उचित उपचार मुहैया कराया जाना चाहिए। राहुल ने शुक्रवार सुबह पीड़ित परिवारों से मुलाकात की थी। योगी ने घोषणा की थी कि मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा दिया जाएगा। गांधी ने छह जुलाई को आदित्यनाथ को लिखे अपने पत्र में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित मुआवजा अपर्याप्त है। मैं आग्रह करता हूं कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए और इसे जल्द से जल्द दिया जाए।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि घायलों को उचित उपचार और उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।

#### सत्संग में कुछ लोगों ने जहरीले पदार्थ के डिब्बे खोले थे, जिससे भगदड़ मचीः भोले बाबा के वकील

स्वयंभू बाबा भोले बाबा के वकील ए पी सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने उन्हें बताया कि दो जुलाई को हाथरस में हुए सत्संग के दौरान भीड़ में कुछ लोगों ने जहरीले पदार्थ से भरे डिब्बे खोले थे, जिससे भगदड़ मच गई। दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने भगदड़ के पीछे साजिश होने का भी आरोप लगाया और कहा कि यह भोले बाबा की बढ़ती लोकप्रियता के चलते रची गई। उत्तर



प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू बाबा सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ के 'सत्संग' के बाद मची भगदड़ में 121 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने मुझसे संपर्क किया और बताया कि वहां 15-16 लोग जहरीले पदार्थ के डिब्बे लेकर आए थे।, जिन्हें उन्होंने भीड़ में खोल दिया। मैंने मारे गए लोगों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट देखी है और उससे पता चला है कि उनकी मौत दम घुटने से हुई, चोटों के कारण नहीं।

## स्वामी विवेकानंद के जीवन में हाथरस का था विशेष महत्व

### यहीं मिले थे पहले शिष्य सदानंद

भाषा ▶▶ लखनऊ

नारायण साकार विश्व हरि उर्फ 'भोले बाबा' के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत की हाल में हुई त्रासदी को लेकर इन दिनों चर्चा में हाथरस बना हुआ है। युवाओं के प्रेरणाश्रोत और दुनिया में आध्यात्मिक चेतना जगाने वाले स्वामी विवेकानंद का हाथरस से भी अनूठा नाता था। 133 साल पहले वर्ष 1888 में वे हाथरस आए थे। यहां के तत्कालीन रेलवे स्टेशन मास्टर को उन्होंने अपना पहला शिष्य बनाया था। इस बात का जिक्र इतिहास के पन्नों में दर्ज है। स्वामी विवेकानंद फिल्म में भी यह प्रसंग दिखाया गया है। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था। वर्ष 1888 में वे वृंदावन से लौट रहे थे, तब वे हाथरस में भी रुके थे। तब हाथरस के स्टेशन मास्टर शरतचंद्र गुप्ता उनसे मिले। स्वामी विवेकानंद से प्रभावित होकर उन्होंने शिष्य बनने की इच्छा जाहिर की थी। दीक्षा देने से पहले उन्होंने शरतचंद्र की परीक्षा ली।

स्टेशन मास्टर को अपने ही स्टेशन पर कुलियों से भिक्षा मांगनी पड़ी। इस परीक्षा में सफल होने पर ही उन्हें पहला शिष्य बनाया था। दीक्षा के बाद स्टेशन मास्टर ने त्यागपत्र देकर हाथ में कमंडल ले गेरुआ वस्त्र धारण कर उनके साथ यात्रा पर चल दिए थे। दीक्षा के बाद शरतचंद्र गुप्ता को उन्होंने 'सदानंद' नाम दिया। यहां से वह सदानंद को साथ लेकर ऋषिकेश गए। वहां बुखार में पीड़ित होने पर हाथरस लौट आए। यहां एक दिन प्रवास करने के बाद वह फिर से बनारस की ओर रवाना हो गए थे।



#### स्मृति में हाथरस स्टेशन पर शिलालेख स्थापित

हाथरस जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, स्वामी विवेकानंद के हाथरस में पहली बार आगमन की स्मृति में हाथरस सिटी रेलवे स्टेशन पर एक शिलालेख स्थापित किया गया था, जिससे पता चलता है कि स्वामी विवेकानंद ने अपने पहले शिष्य को सदानंद नाम दिया था, जो हाथरस सिटी रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर थे।

#### सदानंद ने साधुओं को 'महाराज' कहने की परंपरा शुरू की

स्वामी सदानंद को साधुओं को 'महाराज' कहकर संबोधित करने की परंपरा शुरू करने का श्रेय भी दिया जाता है। लखनऊ में रामकृष्ण मठ के प्रमुख स्वामी मुक्तिनाथानंद ने कहा कि इन दिनों हाथरस खबरों में है और नकारात्मक कारणों से सुर्खियां बटोर रहा है लेकिन, यह वही स्थान है जहां पर दिव्यता और आध्यात्मिकता के बीज इसके रेलवे स्टेशन पर अंकुरित हुए थे। तब नियति ने स्वामी विवेकानंद को उनके पहले शिष्यों में से एक के रूप में हाथरस में ही सौंपा था।

## राहुल आज मणिपुर का करेंगे दौरा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**इंफाल (भाषा)।** मणिपुर के कांग्रेस नेताओं ने रविवार को पार्टी के प्रदेश प्रभारी गिरीश चूडांकर के साथ लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के राज्य के दौरे को लेकर चर्चा की। गांधी सोमवार को मणिपुर का दौरा करेंगे और जिरीबाम, चुराचांदपुर तथा इंफाल जिलों में हिंसा प्रभावित लोगों से बातचीत करेंगे। वह राज्य के लोगों के साथ पूरा दिन बिताएंगे। पार्टी के एक नेता ने बताया कि कांग्रेस की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष कैशम मेघचंद्र, कांग्रेस विधायक दल के नेता ओ इबोबी सिंह, राज्य के दो कांग्रेस सांसद- अंगोमचा बिमोल अकोइजम और अल्फ्रेड कन्नगम आर्थर तथा पार्टी के प्रदेश प्रभारी गिरीश चूडांकर रविवार को गांधी के मणिपुर दौरे पर चर्चा के लिए बैठक में शामिल हुए। कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि गांधी ने मणिपुर का दौरा करने का फैसला किया है, जहां शांति जरूरी है... हम आभारी हैं कि उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष चुने जाने के बाद प्रदेश का दौरा करने का फैसला किया।'' प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गांधी दिल्ली से सिलचर तक विमान से पहुंचेंगे और वहां से जिरीबाम जिला जाएंगे जहां छह जून को हिंसा की हालिया घटना हुई थी। मेघचंद्र ने कहा कि गांधी जिले में कुछ राहत शिविरों का दौरा करेंगे। इसके बाद वह सिलचर हवाई अड्डे लौटेंगे और वहां से इंफाल के लिए उड़ान भरेंगे।उन्होंने कहा कि इंफाल पहुंचने के बाद वह चुराचांदपुर जिला जाएंगे।



## झारखंड में इमारत ढह जाने से तीन लोगों की मौत और तीन अन्य घायल



भाषा ▶▶ देवघर (झारखंड)

झारखंड के देवघर जिले में रविवार की सुबह एक इमारत ढह जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि देवघर के एक इलाके में सुबह करीब छह बजे दो मंजिला इमारत ढह गई थी।

उन्होंने बताया कि मलबे में अब भी कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है और वहां राहत एवं बचाव अभियान जारी है। देवघर के 'सिविल सर्जन' रंजन सिन्हा ने बताया कि मलबे में दबे छह लोगों को बाहर निकालकर यहां सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे समेत तीन अन्य का उपचार जारी है। बचाव अभियान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएसफ) के एक दल को तैनात किया गया है।

## आर्मस्ट्रांग हत्या मामले के असल अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया गया : मायावती

भाषा ▶▶ चेन्नई

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने उनकी पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की रविवार को मांग की। आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को यहां हत्या कर दी गई थी। मायावती ने दावा किया कि इस मामले में अब तक गिरफ्तार किये गए लोग असल अपराधी नहीं हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का आग्रह किया ताकि न्याय मिल सके। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने यहां आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि दी और शहर के पेरम्बूर स्थित एक निजी स्कूल में 52 वर्षीय नेता के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मायावती ने आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि दी



#### हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

#### शव पार्टी दफ्तर में नहीं दफनाया जा सकता



आर्मस्ट्रांग के शव को राज्य की राजधानी में पार्टी के कार्यालय में नहीं दफनाया जा सकता। मद्रास हाईकोर्ट ने आज डीएमके सरकार के रुख को बरकरार रखते हुए यह फैसला सुनाया। आर्मस्ट्रांग की चेन्नई में उनके घर के पास हत्या कर दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि के आर्मस्ट्रांग के शव को निकट के तिरुवल्लुवर जिले में एक एकड़ निजी स्वामित्व वाले भूखंड में दफनाया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि बसपा समर्थकों द्वारा शवयात्रा शांतिपूर्ण तरीके से निकाली जानी चाहिए। मृत बसपा नेता की पत्नी के पोरकोडी ने कोर्ट में याचिका दायर करके शव चेन्नई में पार्टी दफ्तर में दफनाने की इजाजत मांगी थी।

## 'विकसित भारत' का होगा बजट

### वित्तमंत्री ने उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों संग किया विचार-विमर्श

# मध्यम वर्ग को तोहफा देने के मिले संकेत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट तैयार करने की प्रक्रिया के तहत उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संबंधित लोगों के साथ विचार-विमर्श पूरा कर लिया है। सीतारमण 23 जुलाई को अपना सातवां बजट पेश करेंगी। यह नरेंद्र मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। यह बजट 2047 तक 'विकसित भारत' का रास्ता तैयार करेगा। पिछले महीने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि आगामी बजट सत्र में कई ऐतिहासिक कदम और बड़े आर्थिक फैसले के संकेत मिल रहे हैं।

- बजट-पूर्व उद्योग जगत से विचार मंथन की प्रक्रिया पूरी
- 23 जुलाई को अपना सातवां बजट पेश करेंगी सीतारमण
- यह नरेंद्र मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा



#### 120 से अधिक लोगों ने चर्चा में भाग लिया

विचार-विमर्श के दौरान 10 हितधारक समूहों के 120 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इनमें किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के अलावा व्यापारिक संगठनों, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र, रोजगार और कौशल, सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्योग (एमएसएमई), व्यापार और सेवाएं, उद्योग, वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार और बुनियादी ढांचा, ऊर्जा और शहरी क्षेत्र के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल थे। 18वीं लोस गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक को पहले संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा।

#### 5 नहीं अब 10 लाख हो सकता है बीमा कवर, बजट में ऐलान संभव, आयुष्मान भारत योजना का होगा विस्तार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार इसी महीने पूर्ण बजट पेश करने वाली है। इस बार देश में गठबंधन की सरकार बनी है, तो लोगों को इसके लोकलुभावन होने की उम्मीद है। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार इस बजट में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाय) और आयुष्मान भारत योजना को लेकर कुछ बड़े ऐलान किए जा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र आयुष्मान भारत योजना के तहत कवरेज लिमिट को 5 लाख से बढ़ाने पर विचार कर रहा है। सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि योजना के तहत लाभार्थियों को मिलने वाली कवरेज लिमिट को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए प्रति वर्ष करने की तैयारी है। रिपोर्ट की मानें तो अगले तीन सालों में अपनी प्रमुख आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाभार्थी आधार को दोगुना करने पर विचार कर रही है।लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने पर विचारअगर सरकार अगले तीन साल में एबी-पीएमजेएवाय के तहत लाभार्थियों की संख्या को बढ़ाकर दोगुना करने का ऐलान करती है, तो फिर देश की दो-तिहाई से ज्यादा आबादी को स्वास्थ्य कवर मिल सकेगा। रिपोर्ट के अनुसार सरकार इस मामले में इसलिए विचार कर रही है, क्योंकि इलाज पर होने वाला भारी भरकम खर्च परिवारों को कर्ज के जाल में धकेलने वाले सबसे बड़े कारणों में से एक है।

## अमृतपाल और राशिद को जनता ने चुना, प्रक्रिया के तहत दिलाई शपथ

एजेंसी ▶▶ कोटा

लोकसभा अध्यक्ष पद पर चुनाव को ओम बिरला ने जीवंत और संपन्न लोकतंत्र का संकेत बताया। लोकसभा अध्यक्ष पद पर पिछला चुनाव 1976 में हुआ था। इस बार विपक्ष ने ओम बिरला के खिलाफ कांग्रेस सांसद के. सुरेश को उम्मीदवार बनाया था। हालांकि मत विभाजन की नौबत नहीं आई और बिरला ने ध्वनिमत से चुनाव जीता था। इस बीच अमृतपाल और इंजीनियर राशिद के चुनाव जीतने पर ओम बिरला ने शपथ दिलाने पर भी बात की। कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह और आतंकवाद के वित्तपोषण मामले के आरोपी इंजीनियर राशिद के जेल से चुनाव जीतने पर बिरला ने कहा कि दोनों सदस्यों को जनता ने चुना है। लोकसभा के प्रक्रिया नियमों और अदालतों के आदेश के अनुसार शपथ दिलाई है। निर्दलीय अमृतपाल ने पंजाब के खडूर साहिब और इंजीनियर राशिद ने जम्मू-कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से चुनाव जीता है।



#### सड़क और संसद की बहस में अंतर होना चाहिए

24 जून से 3 जुलाई तक 18वीं लोकसभा का पहला सत्र चला। यह सत्र बेहद हंगामेदार रहा है। हंगामा और विपक्ष के व्यवधान पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संसद और सड़कों पर होने वाली बहसों में अंतर होना चाहिए।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों की खैर नहीं, भारत की सीमा पर एआई कैमरों से निगरानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करों के नेटवर्क पर नकेल कसने के लिए भी बीएसएफ की ओर से विशेष अभियान शुरू किए गए हैं।

अगरतला। भारत-बांग्लादेश सीमा पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) युक्त कैमरे से निगरानी की जा रही है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ओर से इन विशेष कैमरों का उपयोग सुरक्षा बढ़ाने और घुसपैठियों की रोकथाम के लिए किया जा रहा है। बीएसएफ के त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि संवेदनशील सीमा चौकियों पर जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है और सीमावर्ती क्षेत्रों में दलालों और तस्करों के नेटवर्क पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान शुरू किए गए हैं। अधिकारी ने कहा, 'बीएसएफ की ऐसी सभी गतिविधियों के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता की नीति है और फील्ड कमांडरों को दलालों को पकड़ने के लिए खुफिया-आधारित अभियान शुरू करने के लिए कहा गया है।

- बीएसएफ ने कड़े किए सुरक्षा के इंतजाम

> भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठियों की रोकथाम के लिए लगातार सुरक्षा उपाय बढ़ाए जा रहे हैं। बीएसएफ की ओर से सीमा पर निगरानी के लिए एआई युक्त कैमरे भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं जोकि विशेष तकनीकों से लैस हैं।





### मुख्यमंत्री ने दिए सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

*त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने भी बीएसएफ को निर्देश दिया कि घुसपैठ पर अंकुश लगाने के लिए राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी निगरानी बढ़ा दी जाए। बीएसएफ ने रविवार को कहा कि उसने सीमा पर अपनी सुरक्षा और कड़ी कर दी है। इसके अलावा अतिरिक्त टीमों को गहन क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है और राज्य पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।*

### 198 बंग्लादेशी नागरिक पकड़े गए

बीएसएफ के आईजी ने कहा कि इसके परिणाम जमीन पर दिखाई दे रहे हैं। मौजूदा वर्ष में 29 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ की जब्ती की गई है और 198 बांग्लादेशी नागरिकों और 12 रोहिंग्याओं को पकड़ा गया है। इस साल 32 करोड़ रुपये जब्त किये गये हैं। आईजी ने कहा कि हाल ही में 1 जुलाई से शिलांग में संपन्न चार दिवसीय आईजी बीएसएफ-रीजनल कमांडर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) वार्ता में बांग्लादेशी दलालों और अपराधियों की सूची वाला एक डोजियर बीजीबी को सौंप दिया गया है।

## श्रीलंका में हाथियों का तांडव, 13 घायल



**कोलंबो।** श्रीलंका में एक हिंदू धार्मिक उत्सव उस समय अफरा-तफरी मच गया जब जुलूस में शामिल एक हाथी घबरा गया और भागते समय भीड़ में शामिल 13 लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को इस हादसे की जानकारी दी। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो फुटेज में हाथी के रखवाले में से एक को उत्तेजित हाथी को नियंत्रित करने के लिए उसकी पूंछ से खींचने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जबकि सड़क पर खड़े चिल्लाते हुए श्रद्धालु बचने के लिए दौड़ रहे थे। वीडियो में सूंड से पूंछ तक लाल, नीले और सुनहरे वस्त्रों से ढके हाथियों की परेड दिखाई गई है, जो एक बड़ी भीड़ के सामने झांझ-मंजीरे बजाते हुए चल रहे हैं।

### केरल के कोट्टायम में मनाया गया जश्न

## भारत के सोजन जोसेफ बने ब्रिटेन में सांसद, कंजर्वेटिव दिग्गज नेता को दी मात




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के आम चुनाव में हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए लेबर पार्टी के नए सांसद 49 वर्षीय सोजन जोसेफ केरल के रहने वाले हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में मानसिक स्वास्थ्य नर्स के तौर पर काम करने वाले सोजन जोसेफ 22 साल पहले केरल से ब्रिटेन जाकर बस गए थे।

#### चैरिटी के कई कार्यक्रमों में हो चुके हैं शामिल

चैरिटी के लिए कई अंतरराष्ट्रीय मैराथन में शामिल होने वाले सोजन जोसेफ ने कहा, मुझे एशफोर्ड और विल्सबोरो को अपना घर कहने में बहुत गर्व है। मैंने पिछले कुछ सालों में चैरिटी के धन संचय करने वाली गतिविधियों में हिस्सा लिया है, अस्पताल चैरिटी के लिए ड्रैगन बोट रेस शामिल है।

#### सोजन की पत्नी भी हैं नर्स

सोजन जोसेफ का एशफोर्ड के स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ाव है। सोजन जोसेफ के परिवार की बात की जाए तो उनकी पत्नी भी नर्स हैं, जबकि उनके तीन बच्चें हैं। सोजन जोसेफ की शुरुआती पढ़ाई कोट्टायम में हुई थी। बेंगलुरु में बी.आर. अंबेडकर मेडिकल कॉलेज में अपनी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। फिर यू के में, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में विविधता और समावेश पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वास्थ्य सेवा नेतृत्व में मास्टर डिग्री हासिल की।

### ओबामा केयर का नाम किया इस्तेमाल

## हैकर्स का बड़ा अटैक, 1 हजार करोड़ पासवर्ड हो गए लीक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साइबर सिक्योरिटी को लेकर अक्सर सरकार लोगों को सावधान रहने को कहती है। अब साइबर हैकर्स ने एक बड़ा हमला किया है और करीब 1 हजार करोड़ पासवर्ड लीक हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, यह अब तक का सबसे बड़ा डेटा लीक का मामला हो सकता है।

**ओबामा केयर नाम किया ये इस्तेमाल:** साइबर ने ओबामा केयर नाम के एक यूजर्स ने एक फाइल को पोस्ट किया। इस फाइल का नाम



रॉकीयूडॉटटीएक्सटी है। इस फाइल में डेटा मौजूद है। इसमें कई सेलिब्रिटी की डिटेल्स, उनका अकाउंट का अनऑथराइज्ड एक्सेस लेने के बाद लिया गया है।

**पूर्व में डेटा लीक कर चुका है ग्रुप:** रिपोर्ट में बताया कि इससे पहले भी करीब 8.4 बिलियन प्लेन टेक्स्ट पासवर्ड को हैकर्स ने लीक किया था।

### दूसरे चरण का मतदान शुरू, बढ़ी मैक्रों की बेकरारी

## ब्रिटेन और ईरान की मौजूदा सरकार हारी, अब फ्रांस में चल रहा मतदान

एजेंसी ▶▶ पेरिस

ईरान और ब्रिटेन में चुनाव के बाद सरकार बदल गई है। अब फ्रांस में भी संसदीय चुनाव के लिए रविवार को दूसरे चरण का मतदान प्रारंभ हो गया है। चुनाव में देश की धुर दक्षिणपंथी पार्टी 'नेशनल रैली' अपनी अबतक की सबसे बड़ी बढ़त बनाए हुए है। फ्रांस की संसद का कार्यकाल 2027 में खत्म होना था, लेकिन यूरोपीय संघ में बड़ी हार के कारण राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने समय से पहले संसद भंग कर दी थी। इससे पहले 30 जून को पहले चरण का चुनाव हुआ था, जिसमें मरीन ले पेन नीत नेशनल रैली ने बढ़त बनाई थी।



#### पहले चरण में नेशनल रैली की जीत

फ्रांस संसदीय चुनावों के पहले चरण के मतदान में धुर दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन की पार्टी नेशनल रैली (आरएन) की धमाकेदार जीत हुई है। आज दूसरे चरण का मतदान हो रहा है। मगर तमाम एग्जिट पोल के अनुसार धुर दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन की पार्टी नेशनल रैली (आरएन) ही सरकार बनाती दिख रही है। वहीं राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की विदाई अब तय मानी जा रही है। मरीन ले पेन ने फ्रांस के संसदीय चुनाव के पहले दौर में रविवार को ऐतिहासिक बढ़त हासिल करते हुए जीत हासिल की, लेकिन अंतिम परिणाम पहले चरण में जीते उम्मीदवारों की खरीद-फरोख्त पर भी निर्भर करेगा। बता दें कि रन-ऑफ इप्सोस, आईफॉप, ओपिनियनवे और एलाबे के एग्जिट पोल के अनुसार ले पेन की पार्टी आरएन को लगभग 34% वोट हासिल करने की संभावना है। यह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। मैक्रों ने यूरोपीय संसद चुनावों में आरएन की जीत और अपने उम्मीदवार की हार के बाद तत्काल चुनाव की घोषणा कर दी थी।

### खबर संक्षेप

#### सत्येंद्र पर 7 करोड़ घूस लेने का मामला दर्ज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के एक फैसले से आम आदमी पार्टी सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को बड़ा झटका लगा है। उप राज्यपाल ने जैन के खिलाफ 7 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में जांच की सिफारिश की है। यह मामला दिल्ली में सीसीटीवी लगाने में हो रही देरी से जुड़ा है। वे पीडब्ल्यूडी मंत्री थे।

#### इजराइल ने की स्कूल पर एयरस्ट्राइक, 16 की मौत



**मास्को।** इजराइली सेना ने गाजा में एक स्कूल पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई और 75 से ज्यादा घायल हो गए। ये स्कूल संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का था, जहां शरणार्थियों को रखा गया था। मरने वालों में ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। 50 घायलों का इलाज किया जा रहा है, बाकी लोगों का मौके पर ही इलाज किया गया। इजराइली सेना ने स्कूल को आतंकवादियों का अड्डा बताया।

### संदिग्ध हमलावर ने खुद को गोली मारी

## यूएस: केंटुकी में गोलीबारी, चार लोगों की मौत, तीन घायल

एजेंसी ▶▶ लंदन

अमेरिका के उत्तरी केंटुकी में एक संदिग्ध हमलावर ने घर में घुसकर बर्थ-डे पार्टी के दौरान गोलीबारी कर दी। घटना में 4 लोगों की मौके पर ही मौत गई। जबकि, तीन गंभीर घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जब, पुलिस ने संदिग्ध के वाहन का पीछा किया तो उसने खुद को गोली मार ली। अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, फ्लोरेंस पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बताया कि करीब 2:50 बजे एक कॉल आई, जिसमें बताया गया कि



केंटुकी के एक आवास में गोलीबारी की घटना हुई है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां चार लोग मृत मिले। जबकि, तीन अन्य को गंभीर हालत में सिनसिनाटी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार मकान में बर्थ-डे पार्टी चल रही थी। इस दौरान 20 वर्षीय संदिग्ध हमलावर ने घटना को अंजाम दिया। गोलीबारी में मकान मालिक की मौत हो गई।

### गृह मंत्रालय ने का फैसला

## कोलकाता सीपी, डीसीपी सेंट्रल पर होगी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

अफवाह फैलाकर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के कार्यालय को कथित तौर पर बदनाम करने के लिए कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल और एक डीसीपी के खिलाफ गृह मंत्रालय ने अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है। केंद्र सरकार के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस द्वारा गोयल और कोलकाता पुलिस उपायुक्त (मध्य)



इंदिरा मुखर्जी के संबंध में उस रिपोर्ट के सौंपे जाने के बाद शुरू की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वे ''इस तरह काम कर रहे हैं, जो एक लोक सेवक के लिए पूरी तरह से अनुचित है।'' उन्होंने कहा कि बोस ने जून के अंतिम सप्ताह में गृह मंत्री को सौंपी अपनी रिपोर्ट में इस मुद्दे को उठाया है कि कोलकाता पुलिस के अधिकारी चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ितों को उनसे मिलने की अनुमति नहीं दे रहे हैं, जबकि उन्होंने इसके लिए उन्हें जरूरी अनुमति दे दी थी।



#### अब मोतिहारी में गिरी पुलिया, सियासत गरम

**मोतिहारी।** बिहार में पुलों के ध्वस्त होने का सिलसिला जारी है। अब मोतिहारी से एक पुलिया के ध्वस्त होने की खबर आई है। पूर्वी चंपारण के मधुबन प्रखंड के लोहार्गवा गांव में दो लाख की लागत से बना आरसीसी पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।

## जम्मू से 6,145 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

**जम्मू।** जम्मू से रविवार तड़के 6,000 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक और जत्था दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमरनाथ यात्रा के लिए 6,145 तीर्थयात्रियों का दसवां जत्था 238 वाहनों के दो काफिलों में जम्मू भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। एक सौ पंद्रह वाहनों के पहले काफिले में 2,697 तीर्थयात्री हैं। यह गंदेरबल जिले के बालटाल आधार शिविर के लिए तड़के करीब तीन बजकर 10 मिनट पर रवाना हुआ, जबकि 123 वाहनों का दूसरा काफिला 3,448 तीर्थयात्रियों के साथ अनंतनाग जिले के पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुआ है। तीर्थयात्रा 29 जून को अनंतनाग के 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गंदेरबल में बालटाल मार्ग से शुरू हुई थी और यह 19 अगस्त को समाप्त होगी।

- एक सौ पंद्रह वाहनों के पहले काफिले में 2,697 तीर्थयात्री हैं




### यमुना एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज पर बना जानलेवा गड्ढा

## गड्ढे में डूबे 4 बच्चों की मौत और बचाने के फेर में 6 लोग भी डूबे

एजेंसी ▶▶ आगरा

आगरा में खंदौली यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर बने गड्ढे में नहाने गए 4 बच्चों को डूबते देख महिला सहित 6 लोग बचाने के लिए पानी में कूद गए। बच्चों को बचाने के प्रयास में सभी डूबने लगे। घटना की जानकारी पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस ने सभी को बाहर निकाला, जिनमें 4 बच्चों की मौत हो गई। वहीं अन्य लोगों को उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक भी मौके पर पहुंच गए। खंदौली यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर कानपुर व औरैया के रहने वाले 7 मजदूर परिवार विगत दिनों से यहां तम्बू लगाकर रह रहे हैं।



#### रस्सी डालकर कुछ लोगों को निकाला

आवाज सुनकर परिवार की महिला नगीना पत्नी छिगा, अनुराधा, रागिनी, प्राची, सनी व रिया भी कूद गईं। सभी एक साथ डूबने लगे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर आ गई। इसके बाद पुलिस व ग्रामीणों ने रस्सी डालकर सभी को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला, जिनमें हिना, खुशी, चांदनी और रिया की मौत हो गई।

#### 50 हजार के लिए दोस्त का कर दिया मर्डर



**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक होटल में एक शख्स की लाश बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि उसकी उसके दोस्त ने ही 50 हजार रुपए के लिए गला घोंटकर हत्या कर दी है। विवाद के चलते मर्डर के बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया था, तलाश के बाद दिल्ली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### भारतीय नौसेना की क्षमता में अभूतपूर्व वरदान साबित होंगे

## मरीन एम राफेल के आगे बौने साबित होंगे चीनी नौसेना के लड़ाकू विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्सपट्र्स के मुताबिक राफेल एम (मरीन) लड़ाकू विमानों के शामिल होने से भारतीय नौसेना की क्षमताओं और हिंद महासागर क्षेत्र (कडफ) की रणनीतिक गतिशीलता काफी ज्यादा मजबूत हो जाएगी। राफेल एम (मरीन), अत्यधिक शक्तिशाली राफेल विमान का एक नौसैनिक वेरिएंट है, जो कई एडवांस फैसिलिटीज लेकर आता है, जो भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल पहुंच और युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाता है। बता दे कि राफेल मरीन भारतीय नौसेना की क्षमता में अभूतपूर्व विस्तार कर सकता है और कैसे ये चीनी मरीन लड़ाकू विमानों से कम से कम एक दशक आगे हैं।



#### समुद्री क्षेत्र में जागरूकता में वृद्धि

राफेल एम के एडवांस सेंसर नेटवर्क-केंद्रित युद्ध क्षमताएं समुद्री क्षेत्र में जागरूकता में वृद्धि प्रदान करती हैं। एसएलओसीकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

#### प्रतिरोध और रणनीतिक पहुंच

राफेल मरीन की लंबी दूरी की क्षमताएं, और हवा में ही ईंधन भरने की क्षमता, भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल पहुंच को काफी बद तक बढ़ा देती हैं।

#### समुद्री हवा में उड़ान भरने की जबरदस्त क्षमता

राफेल एम अत्याधुनिक एवियोनिक्स से लैस है, जिसमें थेल्स आरबीई-2 एईएसए रडार और स्पेक्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध सिस्टम शामिल है, जिसे मेटियोर के साथ जोड़ा गया है। ये एडवांस सिस्टम्स बेहतर स्थितिजन्य जागरूकता और युद्ध प्रभावशीलता सुनिश्चित करती हैं, जिससे भारतीय नौसेना को हवाई श्रेष्ठता स्थापित करने, सटीक हमले करने और वायु रक्षा, जमीनी समर्थन और समुद्री हमलों जैसे अलग अलग मिशनों को पूरा करने में सक्षम बनाया जा सकता है।

#### कैरियर इंटीग्रेशन और लचीलापन

राफेल मरीन फाइटर जेट को खास तौर पर एयरक्राफ्टर कैरियर से ऑपरेट करने के लिए डिजाइन किया गया है, लिहाजा इसमें स्पेशल लैंडिंग गियर, अरेस्टिंग लैंडिंग के लिए टेल हुक, फोल्ड करने वाले विंग्स लगाए गए हैं, ताकि एयरक्राफ्ट कैरियर पर रखने में कम जगह लगे। ये विशेषताएं इसे कठर विक्रांत और कठर विक्रमादित्य पर तैनाती के लिए आदर्श बनाती हैं, जिससे हिंद महासागार में हमारी शक्ति प्रक्षेपण क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25